अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# सभी जनप्रतिनिधियों के लिए समान 'संवाद सेतु' व्यवस्था

- गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज में शुरू हुई व्यवस्था, अफसरों को 10 मिनट में देना होगा जवाब
- समाज कल्याण मंत्री ने तीनों जिलों के अफसरों व जनप्रतिनिधियों के साथ जूम मीटिंग कर किया शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सूबे के कन्नौज, हरदोई व गाजियाबाद में बुधवार को 'संवाद सेतु' (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था लागू हो गई। तीनों जिलों के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़कर समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इसका शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह महज किसी एक दल के लिए नहीं बल्कि पक्ष, विपक्ष व निर्दलीय सभी जनप्रतिनिधियों के लिए समान है। अधिकारियों को अब 10 मिनट के अंदर संबंधित जनप्रतिनिधि को कॉल का जवाब देना होगा।

पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में इस पहल का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है। समाज कल्याण राज्य मंत्री ने कहा कि अधिकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बाद बनते हैं। जनप्रतिनिधि वोट पाकर जीते हैं। इसलिए सभी का एक ही प्रोटोकाल होना चाहिए, जनता की सेवा करना।

मिलकर काम करने से आने वाले समय में इस व्यवस्था का परिणाम अच्छा मिलेगा। इसकी प्रतिदिन समीक्षा भी की जाएगी।



एनआईसी में मीटिंग से जुड़े डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, साथ में एडीएम देवेंद्र सिंह, सीडीओ राम कृपाल चौधरी व पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि छुट्टी या रात के समय इसका उपयोग न करें, अधिकारियों का भी परिवार व अन्य काम होते हैं। कार्य अवधि में ही फोन करें।

हालांकि उन्होंने कहा कि अवकाश पर होने के बाद भी कई अफसर फोन उठाते हैं। मंत्री ने कहा कि अगर किसी अधिकारी की शिकायत आती है तो उसे प्रशिक्षित किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो पद से भी हटाया जाएगा। अच्छा काम करने पर उत्साहवर्धन भी होगा। उन्होंने यह भी कहा कि फील्ड के कुछ अफसर फोन नहीं उठाते हैं। हालांकि मकसद फोन उठाना या न उठाना नहीं बल्कि परिणाम देना है। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि संवाद सेतु के लिए एडीएम वित्त एवं राजस्व देवेंद्र सिंह को कन्नौज में नोडल और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रेशमा सहायक को सह नोडल बनाया गया है। चार ऑपरेटरों को प्रशिक्षित कर एनआईसी को भी जोड़ दिया गया है। सभी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के नंबर उपलब्ध करा दिए गए हैं। पंजिका भी बन गई है। सभी अधिकारियों ने बताया कि 'संवाद सेतु' के तहत सिर्फ सीयूजी नंबर ही अपडेट कर कॉल मॉनिटरिंग प्रणाली से सक्रिय किए गए हैं।

# मौसम में रहेगी गर्मी, मक्का की बुआई करें किसान

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** लगातार तापमान के बढने से मौसम में गर्मी रहेगी। किसान मक्का की बुआई शुरू कर दें।

कृषि एवं मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है और उसके बाद धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है और बारिश की कोई आशंका नहीं है। मौसम गर्म रहेगा। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे रबी और सब्जियों की फसलों में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें, साथ ही मौसम जायद मक्का, काला चना और ग्रीष्म ऋतु की सब्जियों की बुवाई के लिए अनुकूल हो। जायद की फसल में उर्वरक का प्रयोग मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर करें। निःशुल्क मृदा परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए किसान केवीके में नमूना भेज सकते हैं। अच्छी पैदावार के लिए मक्का की बुवाई समय पर पूरी करें। गेहूं की फसल को अत्यधिक तापमान से बचाने के लिए पोटेशियम नाइट्रेट (KNO3) का 2 ग्राम/लीटर पानी में छिड़काव करें। अधिक तापमान वाले क्षेत्रों में, दोपहर 2:00 बजे से 2:30 बजे के बीच एक घंटे के लिए स्प्रिंकलर सिंचाई करने से फसल का तापमान सीधे कम हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य आयुक्त (पीडब्ल्यूडी) ने किया आश्रय गृह का निरीक्षण

**गुरसहायगंज।** नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित लकी मानसिक मंदित एवं अनाथ आश्रय गृह का बुधवार की शाम राज्य आयुक्त पीडब्ल्यूडी हिमांशु शेखर ने निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रय गृह की स्वच्छता को देखा। साथ ही पेयजल, शौचालय, शयन कक्ष, भोजनालय आदि का भी निरीक्षण किया। इसके बाद पुस्तकालय, प्रशिक्षण हाल, प्रार्थना स्थल, रहन सहन आदि को भी देखा। प्रबंधक डा. वाईपी सिंह की सराहना करते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए। प्रबंधक ने शासकीय अनुदान बढाएं जाने की मांग की। इस दौरान स्टाफ के लोग व कर्मी मौजूद रहे।

### सुबह इंटर की 02 केंद्रों पर ही परीक्षा

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में बुधवार को सुबह की पाली में हाईस्कूल में विज्ञान की परीक्षा सभी 96 केंद्रों पर संपन्न हुई। डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि कुल पंजीकृत 25,079 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 23,248 शामिल हुए और 1831 अनुपस्थित रहे। पहली पाली में ही इंटरमीडिएट की संगीत गायन/ वादन विषय की परीक्षा महज 02 केंद्रों पर चली, जिसमें पंजीकृत 152 परीक्षार्थियों में 01 ही गैरहाजिर रहा और 151 उपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में रसायन विज्ञान व समाजशास्त्र की परीक्षा सभी केंद्रों पर आयोजित हुई। पंजीकृत 20,028 परीक्षार्थियों में से 18,677 उपस्थित रहे और अनुपस्थित 1351 हुए। ठठिया स्थित बेनी माधौ अग्निहोत्री इंटर कॉलेज समेत इलाके के कुछ अन्य परीक्षा केंद्रों का डीआईओएस ने निरीक्षण कर निर्देश दिए।

### प्रभारी निरीक्षक के नवनिर्मित आवास का किया उद्घाटन

**कन्नौज।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र कानपुर, हरीश चन्दर व एसपी विनोद कुमार ने थाना कोतवाली कन्नौज में प्रभारी निरीक्षक के लिये नवनिर्मित आवास का उद्धघाटन किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता एवं उपलब्ध सुविधाओं की जांच की। संबंधित अधिकारियों को परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव के दिशा-निर्देश दिए। पुलिस कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### पशुओं में तेजी से फैलता है संक्रमण

**कन्नौज।** सीवीओ डॉ. सरदूल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग टीकाकरण अभियान का सातवां चरण 05 मार्च तक चलेगा। 22 जनवरी से शुरू हुए इस अभियान में पशुपालन विभाग की 32 टीमें गांव-गांव पहुंचकर 2,67,500 गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का निशुल्क टीकाकरण कर रही हैं। 24 फरवरी तक 2,07,748 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है, जबकि शेष लक्ष्य निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाएगा। सीवीओ ने बताया कि मुंहपका खुरपका (एफएमडी) एक विषाणुजनित एवं अत्यंत संक्रामक रोग है, जो संक्रमित पशु से स्वस्थ पशुओं में तेजी से फैलता है। इस रोग के कारण पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता में कमी आती है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। इस रोग से प्रभावी बचाव का एकमात्र उपाय नियमित एवं समय पर टीकाकरण है।

### तहसीलदार अवनीश सम्मानित

**छिबरामऊ।** प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के अंतर्गत छिबरामऊ तहसील ने एबड़ी उपलब्धि हासिल की है। तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) अवनीश कुमार सिंह ने निर्वाचन कार्यों के प्रति विशेष तत्परता दिखाते हुए 'नो मैपिंग' और 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' के जटिल कार्य को निर्धारित समय-सीमा से पूर्व ही सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस पर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको सम्मानित किया है।

# शिक्षक के बंद मकान से 50 लाख के नकदी, जेवर पार

## पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुटी

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला कृष्ण नगर गनी मार्केट के पीछे स्थित एक सरकारी शिक्षक के बंद पड़े मकान में चोरों ने बड़ी सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। यहां से चोर नकदी सहित लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर लिए गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

मदारीपुर कसाबा में तैनात शिक्षक महेंद्र सिंह यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव अपनी पत्नी संजू देवी के साथ होली पर्व से पहले पबनी उठाने ससुराल ठठिया थाना क्षेत्र के स्मृतिपुर गए थे। मकान में ताला लगा गये थे। ससुराल में मां की पवनी उठाने और साले की शादी में शामिल होने के कारण वे देर रात उन्हें रोक लिया। रात चोरों ने मकान के मुख्य गेट पर लगे ताले को तोड़ कर चोर मकान में घुस गये। इसके बाद चोरों ने मकान में रखी नकदी व जेवरात चोरी कर लिये। सुबह पड़ोसियों ने टूटा ताला देखकर सूचना दी। परिजन पहुंचे तो घर में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी, लॉकर और बक्सों के ताले टूटे मिले। चोरों ने 1 लाख 50 हजार रुपये नकद, चार चूड़ियां, तीन जोड़ी सोने की चेन, पांच जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी सोने की सुई-धागा, छह अंगूठियां, दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी कमरपेटी सहित अन्य कीमती आभूषण चुरा लिए। परिजनों के अनुसार चोरी गई संपत्ति की अनुमानित कीमत 40 से 50 लाख रुपये है। चोरी की जानकारी पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार, थाना प्रभारी विष्णु कांत तिवारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच शुरू कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। इस चोरी से पूरे छिबरामऊ क्षेत्र के निवासियों और व्यापारियों में दहशत का माहौल है।



चोरी की घटना के बाद छानबीन करती पुलिस अमृत विचार

## हिस्ट्रीशीटर ने रंगदारी न देने पर दुकानदार को पीटा

**सौरिख।** हिस्ट्रीशीटर ने दुकानदार से रंगदारी की मांग की।न देने पर उसकी पिटाईकरदी।मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उस पर कई मुकदमें दर्ज हो।

नादेमऊ चौकी क्षेत्र के गांव खिरिया निवासी सर्वेंद्र पुत्र साहब सिंह गांव में ओम साई खाद एवं रसायन भंडार की दुकान किए हुए हैं। मंगलवार शाम खिरिया निवासी राहुल उर्फ शिवप्रताप पुत्र सरमन यादव जो की पुलिस रिकॉर्ड में हिस्ट्रीशीटर है दुकान मालिक से रंगदारी के पैसे मांगे पहुंचा। दुकानदार ने रुपये देने से मना कर दिया। इसी बात से नाराज राहुल यादव ने दुकानदार के साथ मारपीट की। दुकानदार ने चौकी पहुंचकर पुलिस को लिखित में प्रार्थना पत्र दिया और कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हिस्ट्री सीटर की तलाश शुरू कर दी। खास सूचना पर पुलिस ने सर्विस रोड से राहुल उर्फ शिव प्रताप को एक देसी तमंचा 315 के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना सौरिख में मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसे जेल भेज दिया गिरफ्तार।



न्यू बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते न्यायाधीश अमृत विचार

# ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश ने न्यू बार एसोसिएशन को दिलाई शपथ

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश ने न्यू बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारणी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने वादकारियों को सुलभ न्याय दिलाने की अपेक्षा प्रकट की।

बुधवार को तहसील सभागार में न्यू बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश अंकित तिवारी ने अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट रजत अरुण, सुभाष, उपाध्यक्ष सरताज वारसी, सलमान खान, महामंत्री अमित कुमार, कोषाध्यक्ष कौशल किशोर, सह कोषाध्यक्ष उषा श्रीवास्तव, सहसचिव रामू राठौर, मीडिया प्रभारी अंकित गुप्ता, ऑडिटर जय सिंह यादव को शपथ दिलाई। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि आज न्यू बार एसोसिएशन के पदाधिकारी इस बात का संकल्प लें कि वादकारियों को सुलभ एवं त्वरित न्याय दिलाने के लिए कार्य करेंगे। अगर बेंच के बीच में कोई मतभेद जैसी स्थिति बनती है तो आपस में बैठकर समाधान निकालें। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद राम बख्श सिंह वर्मा ने भी नव निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी। पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट हरवेंद्र सिंह यादव, एडवोकेट संजीव तिवारी, एडवोकेट इंद्रेश यादव, एडवोकेट राजेश श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता संरक्षक एडवोकेट नीरज त्रिपाठी तथा संचालन एड संजय शुक्ला ने किया।

समारोह में उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार अनिल पाठक, सतीश कन्नौजिया, उप निबंधक बलदेव सिंह को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



पार्क का निरीक्षण करतीं ईओ दिव्या गुप्ता। अमृत विचार

## पार्क का ईओ ने किया निरीक्षण

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** नगर पंचायत समधन के दंगल मैदान में बन रहे पार्क का अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बुधवार को निरीक्षण किया गया। जिसमें धीमी गति से किए जा रहे कार्य को देख उन्होने रोष व्यक्त किया और ठेकेदार को जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि पार्क में बच्चों के लिए झूले, पानी फंवारा, बैठने के लिए व्यवस्था पूरी करवा कर जल्द इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर दीपक श्रीवास्तव, आनन्द कुमार, नजरूल, अशोक कुमार, मतलूब आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में दो लोग घायल

**सौरिख।** गांव सरवाई वीरपुर निवासी गुलशन पुत्र विश्वनाथ सिंह ने बताया। मेरे पिता विश्वनाथ सिंह अपने साले जयदेव निवासी सामपुर, थाना विधूना, जनपद औरैया के साथ मोटरसाइकिल से सौरिख बाजार से घर लौट रहे थे। शाम करीब चार बजे पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक आ रही ईको कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने दोनों को सैफई रेफर कर दिया। वहां से लखनऊ के अस्पताल भेजा गया है।

# राज्य आयुक्त से उपकरण न मिलने की शिकायत

- विकास भवन सभागार में की जनसुनवाई, 33 प्रकरण आए
- 80 फीसदी से कम की दिव्यांगता का प्रमाण पत्र देने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दिव्यांगों ने जनसुनवाई करने आए राज्य आयुक्त (दिव्यांगजन) से उपकरण न मिलने की शिकायत की। कहा, पात्र होते हुए भी 80 फीसदी का दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बनाया जाता है। साथ ही खराब ट्राई साइकिल की मरम्मत या नई देने में टहलाने का भी आरोप लगाया।

बुधवार को विकास भवन सभागार में राज्य आयुक्त (दिव्यांगजन) डॉ. हिमांशु शेखर झा ने जनसुनवाई की। इस दौरान दिव्यांगों के 33 प्रकरण आए। दानेहार निवासी सदन सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैंप लगाकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं। जिम्मेदार मनमानी करके 80 प्रतिशत से कम के प्रमाण पत्र जारी कराते हैं इससे उनको सभी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। राज्य आयुक्त ने डॉक्टर व संबंधित कर्मी को फटकार लगाकर नाराजगी जताई। समीक्षा में राज्य आयुक्त ने पाया कि कई विभागों में दिव्यांगों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण समय पर नहीं हो रहा है। पेंशन योजना, सहायक उपकरण वितरण और यूडीआइडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया में देरी पर उन्होंने नाराजगी जताई। शहर के काजी टोला निवासी मुन्ना लाल ने बताया कि वह आंख से दिव्यांग है। कई बार कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी उपकरण नहीं मिला है।



राज्य आयुक्त (दिव्यांगजन) डॉ. हिमांशु शेखर झा। अमृत विचार

गांव अहमदपुर रौनी निवासी पंकज, मलिक और अमित ने दिव्यांग उपकरण देने की मांग रखी। पंकज ने पिछले दो वर्ष से लाभ न देने का आरोप लगाया। सुनवाई के दौरान आयुक्त के समक्ष कर्मचारियों ने नाश्ते के लिए प्लेट में बिस्किट रख दिए इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। संबंधित अधिकारी पर भी नाराज हुए। इस मौके पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी, जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए संदीप कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र उपस्थित रहे।

**10 लाभार्थियों को उपकरण मिले:** आयुष्मान योजना एवं राशन कार्ड के 05- 05 प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। साथ ही लाभ देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इस दौरान 10 पात्र दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरण भी वितरित किए गए।

आयोजन | राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष बोलीं, संत- महात्माओं का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत

# अखिलेश्वर धाम में अपर्णा ने किया मूर्ति का अनावरण

संवाददाता, तिर्वा

**अमृत विचार।** ठठिया के निकट स्थित रिक्खापुर्वा गांव में अखिलेश्वर धाम में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने ब्रह्मलीन महात्मा देवशरण नंद महाराज की मूर्ति का विधिवत अनावरण किया। साथ ही आश्रम में पूजा- अर्चना भी की।

लखनऊ से एक्सप्रेस-वे मार्ग से पहुंचीं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव का ठठिया मंडी कट पर कार्यकर्ताओं ने बुके भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद वह अखिलेश्वर धाम पहुंचीं, जहां मंदिर परिसर में विराजमान भगवान शंकर की मूर्ति के समक्ष आचार्य राकेश पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कराई। पूजन के बाद उपाध्यक्ष ने मंदिर के महंत सौरभ महाराज की उपस्थिति में ब्रह्मलीन महात्मा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत- महात्माओं का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत होता है और उनकी शिक्षा सदैव मानवता के मार्ग को प्रशस्त करती हैं। कार्यक्रम में आयोजित भंडारे में उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार करते कन्नौज में सरकारी संस्थाओं व कार्यालयों का निरीक्षण किया।



ब्रह्मलीन देवशरण नंद महाराज की मूर्ति का अनावरण कर पूजा- अर्चना करतीं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व अन्य लोग। अमृत विचार

### काफी देर से पहुंचीं उपाध्यक्ष

**कन्नौज।** यूं तो राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष के सर्किट हाउस में आने का समय सुबह साढ़े 10 बजे का कार्यक्रम जारी हुआ था, लेकिन दोपहर 01 बजे तक वह शहर नहीं आ सकीं। सूत्रों ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक वह लखनऊ में ही थीं। हालांकि उनके साथ चलने वाले अन्य लोग जनपद में आ चुके थे। देरी से आने के चलते कार्यक्रम की रूपरेखा गड़बड़ा गई।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष का किया स्वागत

- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने तिलक वंदन एवं बैंड की धुन पर स्वागत किया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने नगर क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नसरापुर का निरीक्षण किया। छात्राओं ने तिलक वंदन एवं बैंड की धुन पर उनका स्वागत किया। साथ ही हम बनेंगे हुनरमंद टीम की बालिकाओं ने स्वनिर्मित पटका एवं होली की शुभकामनाएं लिखित संदेश कार्ड भेंट किया। उपाध्यक्ष ने तारीफ कर कहा कि वह इस कार्ड को संभाल कर रखेंगी।

बुधवार को छात्राओं ने उपाध्यक्ष के हर्बल गुलाल लगाकर रंगोत्सव पर्व की बधाई भी दी। अपर्णा यादव ने बालिकाओं की ओर से तैयार की गई आंवला कैंडी, पापड़ आदि को देखकर प्रशंसा की। साथ ही कहा कि आप सभी ने अपने हाथों से मेरे लिए यह बधाई कार्ड बनाया है इसे मैं बहुत संभाल कर रखूंगी। उपाध्यक्ष ने बालिकाओं से खाद्य पदार्थ बनाने की विधि भी जानी, साथ ही आत्मरक्षा प्रशिक्षण में बालिकाओं ने सीखे कौशल की सराहना की।

इस मौके पर बीएसए संदीप कुमार, बीईओ सदर मधुलिका बाजपेई, डीसी बालिका रोहित तिवारी, वार्डन मनीषा सिंह, प्रधानाध्यापक गुंजन भदौरिया, सहायक अध्यापक स्नेहलता द्विवेदी व रोशनी दुबे आदि उपस्थित रहीं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर कस्बे में श्री हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। बुधवार सुबह भारत दास बाबा के प्राचीन मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। 26 फरवरी को मूर्ति स्थापना और भंडारा प्रसाद के साथ इस महोत्सव का समापन होगा। शोभा यात्रा का शुभारंभ मंदिर परिसर में विधि-विधान, मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने 'जय श्रीराम' और 'जय हनुमान' के जयघोषों के साथ यात्रा को आगे बढ़ाया। यह शोभायात्रा कस्बे की प्रमुख गलियों से गुजरी, जहाँ जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर इसका स्वागत किया। यात्रा मार्ग पर भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों, कीर्तन और जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा, जिससे उत्सव जैसा माहौल बन गया।

### किशोर की एचटी लाइन की चपेट में आने से मौत

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव महोरिक नगर में बुधवार को एक 13 वर्षीय किशोर आदित्य पुत्र रामू कुमार की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। किशोर खेत में आलू की खुदाई करने गया था, जहां वह ट्रैक्टर ट्रॉली पर चढ़ गया और ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल किशोर को परिजन तुरंत एक निजी वाहन से लोहिया अस्पताल ले गए। अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।आदित्य गांव के ही एक व्यक्ति के खेत में मजदूरी पर आलू खोदने गया था। आलू की खुदाई के दौरान वह खेत में खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली पर चढ़ गया था। लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टर दीपक तिवारी ने आदित्य को मृत घोषित किया। पुलिस मामले की जांचकर रही है।

### 12 फीट का मगरमच्छ मिलने से मचा हड़कंप

**फर्रुखाबाद।** कम्पिल थाना क्षेत्र स्थित बिहारीपुर गांव में मंगलवार रात करीब 12 फीट लंबा एक मगरमच्छ गंगा नदी से निकलकर गांव के किनारे तक आ गया। विशालकाय मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने रात में ही मगरमच्छ को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा। जिला वन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि मंगलवार रात को कम्पिल क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में मगरमच्छ देखे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद वन क्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर उसे गांव भेजा गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से रात के समय चार घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया गया। मगरमच्छ बार-बार पानी के बाहर आ रहा था और अंदर जा रहा था, जिससे रात में उसे पकड़ने में काफी दिक्कतें आईं। करीब 12 फीट लंबा होने के कारण भी यह कार्य चुनौतीपूर्ण रहा। डीएफओ ने बताया कि मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने के बाद उसे एक सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है।

### दुकान का शटर तोड़ कर लाखों की चोरी

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कस्बे के राठौरा बाजारमें स्थित एक सर्राफा दुकान में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने शटर तोडक़र लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। काशीराम कॉलोनी निवासी अमन वर्मा की राठौरा बाजार में सर्राफा की दुकान है। सुबह दुकान के मालिक शिवजीत सिंह ने अमन वर्मा को फोन कर सूचना दी कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही अमन वर्मा ने पुलिस को अवगत कराया। मौके पर चौकी प्रभारी अनिल सिकरवार तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। चोरी की सूचना पर डीएसपी अजय वर्मा भी मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए गए। पीड़ित अमन वर्मा के अनुसार, दुकान से लगभग 5 किलोग्राम चांदी, 20 ग्राम सोने के जेवरात तथा करीब 30 हजार रुपये नकद चोरी हुए हैं, जो लॉकर में रखे गए थे। फॉरेंसिक टीम की प्रारंभिक जांच में दुकान में तोडफ़ोड़ के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने लॉकर की चाबी का उपयोग कर सामान निकाला। पुलिस ने दुकान में लगे डीवीआर को कब्जे में ले लिया है। बताया गया कि घटना के समय दुकान के सभी कैमरे बंद थे और लाइट की एमसीबी भी गिरी हुई थी।

# डीजे को लेकर जनाती व बाराती भिड़े, पांच घायल

## घायलों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया , तीन को रेफर किया गया

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** ग्राम करमुल्लापुर के एक निजी गेस्ट हाउस में बारात चढ़ने के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर जनाती व बारातियों में टकराव हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। चले लाठी डंडों में असलहे भी लहराये गये। मारपीट में पांच बाराती घायल हो गये। उनको सौ शैय्या में भर्ती कराया गया।

छिबरामऊ के कुंदेपुर निवासी रवि राजपूत की बारात खुसुआपुर के रोहित राजपूत के यहां आई थी। गेस्ट हाउस में नाच-गाने और दरवाजे की रस्म की तैयारी चल रही थी। डीजे पर बाराती व जनाती नाच रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर चार-पांच युवकों ने बारातियों पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने अवैध असलहा लहराया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं पुलिस को सूचना मिलते ही 112 टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। घायलों में छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के कुंदेपुर गढ़िया गांव के दिनेश (40), सतेंद्र (28), सोवित (23), गौतम राजपूत (22) और कुंदन नगला के रमन राजपूत (15) शामिल हैं। सभी घायलों को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश हो रही है।


अस्पताल में बैठे घायल बाराती। अमृत विचार

- ग्राम करमुल्लापुर के एक निजी गेस्ट हाउस में हुई घटना
- जमकर चले लाठी डंडे, आरोपियों की हो रही तलाश

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**तिर्वा।** थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के चंदवा गांव निवासी अखिलेश कुमार की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि मृतक अखिलेश कुमार के चाचेरे भाई की आज बरात जानी थी, जिससे घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और खुशियों का माहौल था। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से अखिलेश कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज तिर्वा ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने इंदरगढ़ थाना पर पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी नीलम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र कानपुर ने जिले का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस कार्यालय का निरीक्षण कर त्योहारों को लेकर पुलिस सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर, हरीश चन्दर, ने एसपी विनोद कुमार की उपस्थिति में जिले का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान पुलिस लाइन्स का निरीक्षण किया। आवासीय परिसर, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्द, बैरक एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस कार्यालय स्थित समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं कार्यालयी कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद थाना कोतवाली कन्नौज एवं थाना ठठिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, अभिलेख, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क एवं जनसुनवाई रजिस्टर आदि की गहन समीक्षा की। अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण एवं प्रभावी गश्त व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित प्रभारी निरीक्षकों को निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन्स सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रभावी पैदल गश्त की जाए, सोशल मीडिया की सतत निगरानी रखी जाए तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन से समन्वय स्थापित कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा प्रत्येक सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, समेत कई लोग मौजूद रहे।


निरीक्षण करते पुलिस उपमहानिरीक्षक हरीशचंदर व डीएम, एसपी ।

# किसानों के पक्ष में मंत्री, इंड्रस्ट्रियल एरिया की जगह बदलने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधि. के अध्यक्ष को पत्र भेजा

**अमृत विचार।** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण अब किसानों के पक्ष में खुलकर उतर आए हैं। उन्होंने इंड्रस्ट्रियल एरिया की जगह बदलने की मांग रखी है। कहा है कि कम सर्किल रेट के चक्कर में किसान जमीन देने को राजी नहीं हैं। इसको लेकर उन्होंने पत्र भी भेजा है।

मंत्री ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष को पत्र भेजा है। साथ ही मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व डीएम कन्नौज आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए लिखा है। पत्र में कहा है कि उन्होंने 18 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा था। इसमें जिक्र है कि ठठिया के निकट प्रस्तावित इंड्रस्ट्रियल एरिया को एक्सप्रेस- वे से एक से दो किलोमीटर दूर स्थापित किया जाए। स्थान परिवर्तन के सुझाव के पीछे तर्क यह है कि जो भूमि चिह्नित की गई है उसका एक्सप्रेस-वे से लगे होने के कारण रेट बढ़ चुका है और सर्किल रेट के तहत किसानों को वास्तविक मूल्य से कम मुआवजा मिलने पर वे अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं।

किसान इसको लेकर उच्च न्यायालय में पहुंच चुके हैं। पूर्व में कहने के बाद भी गलत जमीन का अधिग्रहण करने का प्रयास किया जा रहा है और जिसका विरोध हो रहा है। इसलिए जगह बदली जाए। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# 19 जिलों की मातृ शक्ति ने प्रशिक्षण में लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के एक निजी स्कूल परिसर में विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में मातृ शक्ति शाखा का तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ। इसमें महिलाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर पद संचलन भी किया।

जिला संयोजक मातृ शक्ति गुंजन भदौरिया ने बताया कि कानपुर प्रांत के इस विशेष प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत के 06 विभागों तथा 19 जिलों से आईं मातृ शक्तियों ने सहभागिता की। अंतिम दिन कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। इसके बाद इंदौर से पधारी मुख्य वक्ता सरोज (राष्ट्रीय सह संयोजिका) ने बात रखी। क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र व छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही मातृ शक्ति को आशीर्वचन प्रदान किए। प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत संयोजिका डॉ. सीमा, प्रांत सत्संग प्रमुख अर्चना, प्रांत बाल संस्कार प्रमुख तापसी, डॉ. उमेश पालीवाल, जिला सत्संग प्रमुख स्नेहलता का विशेष योगदान रहा। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष एवं मातृ शक्ति कन्नौज के पालक संजय भदौरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला संयोजक ने बताया कि यह अभ्यास वर्ग नारी शक्ति के संगठन, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ



शहर में पद संचलन करतीं मातृ शक्ति। अमृत विचार

- तीन दिवसीय मातृ शक्ति अभ्यास वर्ग का भव्य समापन

# सीडीओ ने अव्यवस्थाओं को देखकर लगाई फटकार

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** हसेरन कस्बा के ब्लॉक मुख्यालय का सीडीओ ने निरीक्षण किया। ब्लॉक के अंदर भ्रमण कर अव्यवस्थाओं को देखकर कर्मचारियों की फटकार लगाई। अलमारी, कूलर व इनवर्टर रूम को लेकर काफी नाराज दिखे।

कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। कस्बा के ब्लॉक मुख्यालय निरीक्षण के लिए मुख्य विकास अधिकारी पहुंचे। स्वयं सहायता समूह को लेकर कर्मचारियों की फटकार लगाई। खंड विकास अधिकारी से समीक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा सरकार की मंशानुरूप काम करें। निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने मिली कमियों को देख कर्मचारियों की फटकार लगाई। दीवारों पर लगे पोस्ट को देख नाराजगी जताई। सूचना पट लगवाए जाने की बात कही। कबाड़ में रखी अलमारी कूलर को लेकर नाराज दिखे। इनवर्टर रूम की तरफ बढ़े तो देखा खाली गत्ते देख नाराज हुए।

बोले कभी भी चिंगारी लगने से आग लग सकती है। जबकि इस कमरे में कई वर्षों के रिकॉर्ड रखे हैं। खामियां देख उन्होंने वीडियो को दिशा निर्देश दिए


ब्लाक का निरीक्षण करते सीडीओ।

# रेडिएन्टो हॉस्पिटल में लगाया गया निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण शिविर

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर के प्रमुख चिकित्सा संस्थान रेडिएन्टो हॉस्पिटल में सृजित सेवा संस्थान द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण शिविर का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद मुकेश राजपूत ने किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब और वंचित वर्ग के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। सरकार की मंशा है कि कोई भी व्यक्ति धन के अभाव में इलाज से वंचित न रहे, और इसी उद्देश्य को लेकर ऐसे शिविरों का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जीतेन्द्र सिंह की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही।

उन्होंने न केवल इस शिविर के सफल संचालन की जिम्मेदारी संभाली, बल्कि व्यक्तिगत रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी कर यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण और सम्मानजनक उपचार मिले। सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सेवा भाव ने यह साबित किया कि उनके लिए राजनीति केवल पद नहीं, बल्कि समाजसेवा का माध्यम है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सशक्त बनाने की दिशा में उनका यह प्रयास एक प्रेरणादायक उदाहरण माना जा रहा है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



शिविर में मौजूद सांसद मुकेश राजपूत व आंखों के मरीज। अमृत विचार

- सांसद मुकेश राजपूत ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

### स्टीयरिंग फेल होने से ट्रक पलटा

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज में बाबू सिंह बालिका डिग्री कॉलेज के सामने ट्रक का स्टीयरिंग अचानक फेल हो गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक चालक केबिन के भीतर बुरी तरह फंस गया।

काफी मशक्कत के बाद ट्रक की खिड़की तोड़कर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। चालक की पहचान नितिन कुमार के रूप में हुई है।सुबह दो क्रेन मंगवाकर पलटे हुए ट्रक को सीधा कराया गया। इस दौरान बाईपास मार्ग पर दोनों ओर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों और कामकाजी लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सामान्य हो सका। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि चालक को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण से मिलेगा रोजगार:जिलाधिकारी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की बैठक आयोजित की गई।

विकसित भारत रोजगार योजना का उद्देश्य देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना तथा स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है। इस योजना के अंतर्गत उद्योगों एवं निजी प्रतिष्ठानों को नए रोजगार सृजन हेतु प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को कार्य के अवसर प्राप्त हो सकें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संबंधित विभागों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाये, योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को कौशल विकास प्रशिक्षण, रोजगार से जोडऩे तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जायेगी। योजना के अंतर्गत ऐसे प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहन दिया जायेगा जो नए कर्मचारियों की नियुक्ति करेंगे। इस योजना में प्रथम बार रोजगार कर रहे कर्मचारियों को एक माह का वेतन(15000 तक) मिलेगा। वहीं नियोक्ता को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिये प्रोत्साहन दिया जाएगा साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिये 02 साल के लिये विस्तारित लाभ दिया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।



बैठक में मौजूद जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व अन्य अधिकारी।

**आयोजन** | पुरस्कार वितरण के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन

# मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने प्रदान किए पुरस्कार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के कला, विज्ञान, कामर्स, शिक्षाशास्त्र एवं कृषि संकाय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आगाज 2026 का बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कुलाधिपति डॉ अनार सिंह एवं चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव ने विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी, शील्ड, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। क्रिकेट विजेता हिमालय हिटर्स के कप्तान आशीष कुमार को चमचमाती हुई ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया।

बुधवार को क्रिकेट का फाइनल मुकाबले में हिमालय हिटर्स ने लायन रॉयल्स को 30 रन से हराया। अर्पित दुबे को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। अंपायर की भूमिका डॉ. सौरभ यादव, डॉ. अनुज यादव तथा डॉ. पुष्पेन्द्र यादव ने निभाई। वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला नेट वारियर्स ने शार्क अटैक को 25-09 से हराकर जीता। 100 मीटर दौड़ में क्रमशः भारत सिंह प्रथम, आनंद सिंह द्वितीय तथा सूरज सिंह तृतीय रहे। 200 मीटर रेस में भारत सिंह प्रथम, ऋषभ द्वितीय तथा अभय दुबे तृतीय रहे। 1600 मीटर दौड़ में ऋषभ प्रथम तथा सूरज दूसरे स्थान पर रहे। छात्रों के बैडमिंटन डबल्स मुकाबले में आकर्ष व आनंद शुक्ला की जोड़ी विजेता रही, जबकि बालिका वर्ग में नित्यान्शी और नैंसी यादव ने खिताब अपने नाम किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में शगुन श्रीवास्तव विजेता रहीं। छात्राओं की कबड्डी का फाइनल मुकाबला लायन वारियर्स और टाइगर राइडर के बीच खेला गया। लायन वारियर्स की टीम 20 के मुकाबले 22 प्वाइंट बनाकर विजेता चुनी गई। भाला फेंक प्रतियोगिता शिवम, ऋषभ और फैजान क्रमशः प्रथम द्वितीय रहे। सभी विजेताओं को कुलाधिपति डॉ अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव, विश्वविद्यालय के सलाहकार डॉ रंगनाथ मिश्र, गिरिजा देवी डिग्री कॉलेज के प्रबंधक विजय यादव, कुलपति डॉ अनिल चौहान, कुलसचिव रणजीत सिंह, डीन डॉ. ललित यादव ने ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरुष्कृत किया। इस अवसर पर डीन डॉ ललित यादव, डॉ बीके सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ पुष्पेन्द्र यादव, डॉ सौरभ रानी दुबे, ओमनारायण, डॉ सौरभ यादव, डॉ सुमित, अनुज कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



हिमालयन हिटर्स के कप्तान आशीष कुमार को ट्रॉफी प्रदान करते डॉ. अनार सिंह ।

# नगर पंचायत बोर्ड कंपिल की बैठक हुई निरस्त

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** नगर पंचायत बोर्ड कम्पिल की बैठक नोकझोंक के बाद निरस्त हो गयी। सभासद महेश शाक्य ने जब अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार यादव से जनहित के मुद्दे पर सवाल पूछे तो ईओ बैठक छोड़कर चले गये।

बुधवार दोपहर 12 बजे शुरू हुई नगर पंचायत कम्पिल बोर्ड की बैठक में नगर के विकास तथा बजट संबंधित 18 प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के बजट का आय-व्यय पेश करने के लिए कहा तो अधिशाषी अधिकारी नहीं दे पाए। चौदहवें वित्त आयोग के बजट से कराए जाने वाले कार्यों का अनुमोदन किया गया। पुराने प्रस्ताव अनुमोदन के लिए रखे गए। बैठक में नगर के निर्माण कार्यो पर विचार, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, नगर में सफाई व्यवस्था, भुगतानों की पुष्टि पर विचार किया गया।

अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार यादव से सभासद महेश शाक्य ने जब नगर में गृह कर बढ़ाये जाने एवं विस्तारीकरण गांव में टेक्स लगाए जाने व टेंपो स्टैंड के नाम वसूली भविष्य में न होने व आउटसोर्सिंग ठेकेदार ठेका निरस्त करने को लेकर कहा-सुनी हुई, जिससे अधिशासी अधिकारी नाराज हो गये और बैठक छोडक़र चले गये, जिसके बाद बैठक निरस्त कर दी गयी। इस मौके पर सदस्य जिला योजना समिति फर्रुखाबाद महेश चंद्र शाक्य भी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत भरथना चौराहे पर बैल्डिंग मशीन से काम करते समय एक युवक की सदिग्ध हालात में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जितेंद 38 वर्ष पुत्र राम नरेश शर्मा निवासी कुनैरा थाना सिविल लाइन भरथना चौराहे पर बैल्डिंग मशीन से काम कर रहा था तभी अचानक उसकी मौत हो गई। युवक के चाचा रमाकांत शर्मा उसे जिला अस्पताल लेकर आये जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया और पुलिस को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया परिजन रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे।

## छह लोग बिजली चोरी करते पकड़े

**इटावा।** उपखंड अधिकारी ने विद्युत विभाग व विजलेंस टीम के साथ विद्युत उपकेंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी द्वितीय पचावली के मोहल्लों में मॉर्निंग छापेमारी कर उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा। अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल इटावा ऋषभ देव, अधिशासी अभियंता के निर्देशन में उपखंड अधिकारी तृतीय गगन अग्निहोत्री एवं अवर अभियंता इन्द्रजीत पण्डित द्वारा विजलेंस टीम के साथ संयुक्त रूप से 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी द्वितीय पचावली से पोषित मुहल्ला अड्डा श्याम लाल में मॉर्निंग रेड की गई। रेड के दौरान 6 उपभोक्ताओं संजू यादव पुत्र लोभान सिंह, पुष्पेंद्र पुत्र सौदान सिंह, श्यामा देवी पत्नी मान सिंह, रूबी पत्नी सतीश, समता देवी पत्नी राजीव, पुत्ती देवी पत्नी बालेश्वर को अपने परिसर पर अतिरिक्त केबल बाईपास बिना संयोजन के विद्युत चोरी करते पकड़ा।

## घर-घर जाकर फैमिली आईडी बनाई

**महेवा।** सीडीओ अजय कुमार गौतम के आदेश पर ब्लॉक महेवा की मुख्यालय ग्राम पंचायत महेवा में प्रधान कुमुद सिंह की मौजूदगी तथा सचिव अजय कुमार के नेतृत्व में पंचायत में घर घर जाकर छुटे हुए लोगों की फैमिली आई डी बनाई गई तथा लोगोंको आई डी बनबाने के लिए जागरूक किया गया। एक परिवार एक आईडी के क्रम उन परिवारों की फैमिली आईडी बनाई। इस दौरान पंचायत सहायक काजल राय द्वारा पंचायत में अवधेश सोनी, पूर्व प्रधान संजय पाल, हरिश्चंद्र पाल, शिवम पाल, सुभाष मिश्रा आदि रहे।

## राधा-श्याम सुंदर की रथ यात्रा 28 को

**इटावा।** श्रीजी लाडले परिवार के तत्वाधान में होली के उपलक्ष्य में 28 फरवरी को श्री राधा श्याम सुंदर की रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएगी। यात्रा में संकीर्तन के साथ होली का उत्साह भी देखने को मिलेगा। इस बार यात्रा के दौरान ब्रज के कलाकारों द्वारा शहर की सड़कों पर यात्रा में लट्ठमार होली की छटा भी देखने को मिलेगी तथा इत्र और अबीर-गुलाल की खुशबू भी वातावरण में घुलेगी। छैराहा स्थित श्री राधावल्लभ मंदिर पर यात्रा के आयोजकों ने प्रेसवार्ता में बताया कि इस बार होली के उपलक्ष्य में 7 वीं श्री राधा श्याम सुंदर की भव्य रथ यात्रा शनिवार को निकाली जा रही है। आयोजकों ने बताया कि यात्रा में फूलों से सजे रथ पर श्री राधा श्याम सुंदर विराजमान रहेंगे। इस मौके पर अक्षय भदौरिया, बंटी चौरसिया, प्रदीप, सुमित यादव, अंकित, रोहित, प्रथम शर्मा, प्रदीप यादव, गिरिराज, सनी यादव, रवि परमार आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुआ बड़ा विस्तार: बृजेश पाठक

संवाददाता, सैफई



जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते डिप्टी सीएम साथ में कुलपति व अन्य।

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक विस्तार हुआ है। एमबीबीएस सीटों की संख्या 5000 से बढ़ाकर 12 हजार से अधिक की जा चुकी है और सरकारी-निजी मिलाकर मेडिकल कॉलेजों की संख्या 40 से बढ़कर 81 हो गई है। यह बात प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक ने सैफई स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के स्थापना दिवस समारोह में संबोधित करते हुए कही है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि वर्ष 2017 में प्रदेश में 17 सरकारी और 23 निजी मेडिकल कॉलेज थे, यानि कुल लगभग 40 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे थे। पिछले 9 वर्षों में यह संख्या बढ़कर 81 हो गई है और ये संस्थान पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही पैरामेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार का जोर केवल संख्या बढ़ाने पर नहीं, बल्कि गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी है।

- 5 से 12 हजार हुईं एमबीबीएस सीटें, 40 से बढ़कर 81 हुए कॉलेज

### शंकराचार्य मामले में टिप्पणी करने से किया परहेज

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर दर्ज मुकदमे को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है, ऐसे में इस विषय पर किसी प्रकार की टिप्पणी करना उचित नहीं है। अदालत में लंबित मामलों पर सार्वजनिक चर्चा से बचना चाहिए। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव के उस बयान, जिसमें 100 विधायक लाकर मुख्यमंत्री बनाने की बात कही गई थी पर प्रतिक्रिया देते हुए बृजेश पाठक ने कहा कि इस तरह के सवालों का कोई अर्थ नहीं है। उन्होंने इसे राजनीतिक बयानबाजी करार देते हुए संकेत दिया कि प्रदेश की सरकार जनादेश के आधार पर स्थिरता के साथ कार्य कर रही है।

नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने पूर्व की व्यवस्था पर सवाल उठाए। बताया कि जब 3000 नर्सिंग पदों के लिए लोक सेवा आयोग के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई तो एक लाख से अधिक आवेदन आए, लेकिन परिणाम में केवल 2100 अभ्यर्थी ही उत्तीर्ण हो सके। इस स्थिति की समीक्षा कराई गई तो सामने आया कि कई नर्सिंग कॉलेजों में न तो पर्याप्त फैकल्टी थी और न ही अस्पताल की सुविधा, केवल प्रमाणपत्र देकर छात्रों को उत्तीर्ण दिखाया गया था। यह संस्थान केवल इटावा ही नहीं, बल्कि आसपास के जनपदों और पड़ोसी राज्यों तक के मरीजों को चिकित्सा सुविधा दे रहे हैं। विश्वविद्यालय में 200 एमबीबीएस सीटें हैं और हाईवे पर नया ट्रॉमा सेंटर शीघ्र स्थापित किया जाएगा, जिसका संचालन सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इटावा की धरती ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही है और यहां चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार पूरे क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को बेहतर चिकित्सा सुविधा और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध हो।

## मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग-अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत अदलीपुर निवासी संजीव पुत्र राजेश कुमार को दबंगों ने बजरंगी गेस्ट हाउस उमरसेंड़ा के पास मारपीट कर घायल कर दिया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत मोढ़ी निवासी राजवीर सिंह पुत्र गनेश सिंह को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत एच एन नगर में दबंगों ने मारपीट कर नगला निहाली जसवंतनगर निवासी सौरभ कुमार पुत्र राम नरेश को घायल कर दिया।

# बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की थम गईं सांसें, दो लोग गंभीर घायल

## चौबिया थाना क्षेत्र के चौपला के नवलपुरा के समीप बैहवा बंबा पर हुआ हादसा

संवाददाता, बसरेहर

**अमृत विचार।** चौबिया थाना क्षेत्र के चौपला के नवलपुरा के समीप बैहवा बम्बा पर दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। इसमें एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीजीआई में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू की।

जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय अर्नव उर्फ सोनू पुत्र कृपाल सिंह यादव निवासी नगला हरी थाना चौबिया व दूसरी बाइक सवार रवि कुमार पुत्र दिवारी लाल व भतीजा लकी पुत्र लाल सिंह निवासी टकपुरा थाना चौबिया अपने भाई लाल सिंह को नोएडा जाने के लिए उसे बाइक से लेकर चौपला आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर छोड़ने के लिए जा रहा था तभी कुछ दूर आगे नवलपुरा के पास दोनों बाइक आपस में टकराने से रवि व भतीजा लकी गंभीर रूप से घायल हो गया। वही दूसरी बाइक पर सवार अर्नव उर्फ सोनू को भी गंभीर चोटें आई। सूचना किसी तरह परिवार वालों को हुई तो परिवार वालों ने इलाज के लिए 108 एंबुलेंस द्वारा सैफई पीजीआई पहुंचाया गया जहां पर इलाज के दौरान अर्नव की मौत हो गई। मौत होने से परिवार वालों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया। चौबिया थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि एक बाइक सवार अर्नव उर्फ सोनू की सैफई पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई है। वहीं दूसरी बाइक पर सवार रवि पुत्र दिवारी लाल व लकी हालत गंभीर बनी हुई है वह अस्पताल में भर्ती हैं।

### बाइकों की भिड़ंत में छात्र समेत दो लोग गंभीर घायल




**भरथना।** थाना क्षेत्र के भरथना-पाली मार्ग पर बुधवार दोपहर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। ओम शांति आश्रम के समीप दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में बोर्ड परीक्षा देकर लौट रहा एक छात्र और दूसरी बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार करीब साढ़े बारह बजे साम्हों स्थित इंटर कॉलेज से हाईस्कूल की परीक्षा देकर अपने गांव कुंवरा लौट रहा छात्र विवेक 18 पुत्र प्रदीप कुमार तेज रफ्तार में बाइक चला रहा था। इसी दौरान सामने से भरथना से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गांव जा रहे भानपुर निवासी लवकुश 24 पुत्र अशोक कुमार की बाइक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में लवकुश की बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सड़क से उठाया और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार के चलते यह घटना हुई है।

# डीएम ने सीडी रेशियो पर कोई सुधार न होने पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, इटावा




बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि जो बैंकर्स अनुपस्थित हैं उनके हैड को पत्र जारी किया जाए। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बैंकर्स द्वारा कोई रुचि नहीं ली जा रही है, केवल 6 बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहे बाकी सभी अनुपस्थित पाये गये।

उन्होंने सीडी रेशियो पर कोई सुधार न होने पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सीडी रेशियो पर सरकार का विशेष फोकस है इसलिए सभी अधिकारियों द्वारा सीडी रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने आरबीआई को निर्देश दिये कि सभी बैंकर्स द्वारा रुचि नहीं ली जा रही है, इनके हैड को इनके खिलाफ पत्र भेजा जाये। उन्होंने कहा कि स्टेट लेवल कमेटी को भी पत्र अवश्य भेजा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी बैंक द्वारा सरकारी योजना का प्रचार-प्रसार नहीं किया जा रहा है न ही कोई लाभ दिया जा रहा है। कहा कि किसानों को केसीसी का लाभ ज्यादा से ज्यादा दिया जाए साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के लोन को स्वीकृत किया जाए। एसबीआई को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि में पेंडिंग एप्लीकेशन को जल्द से जल्द निपटाया जाए और पेंडेंसी को खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि पीएनबी, एसबीआई सहित अन्य सभी बैंक पर पेंडेंसी है इसे जल्द से जल्द खत्म किया जाए। उन्होंने एसबीआई को निर्देश दिये की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लाभ सभी को दिया जाए और सभी पेंडेंसी को खत्म किया जाए। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि आपके द्वारा आईजीआरएस पर समय से डिस्पोजल नहीं किया जाता है, जिससे रैंकिंग खराब होती है। बैठक के दौरान एलडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार में मारी टक्कर, विरोध करने पर पीटा व चेन लूटी

**इटावा।** फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भाटिया पेट्रोल पंप के पास सोमवार की शाम को अपनी कार से घर जा रहे पीजीआई कर्मी की कार में डंपर सवार दबगों ने टक्कर मार दी, विरोध करने पर दबंगों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि उसके गले में पड़ी चेन भी लूट ले गए। पीजीआई कर्मी को काफी चोटें आई उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जिला अस्पताल में भर्ती पीजीआई कर्मी अमित।

अड्डा निहाल निवासी अमित कुमार पुत्र राधेश्याम पीजीआई में कर्मचारी है। वह सोमवार की शाम को अपनी कार से घर जा रहे थे जब उनकी कार भाटिया पंप के पास पहुंची तभी डंपर सवार लोगों ने उसकी कार में टक्कर मार दी जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट कर दी, जिससे उसे काफी चोटें आईं, दबंग उसकी चेन भी लूट ले गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अमित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की नामजद तहरीर दी गई। लेकिन पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है।

## जीएसटी चोरी के आरोपियों की जमानत खारिज

**इटावा।** धोखाधड़ी व कूट रचित दस्तावेज बनाकर जीएसटी हड़पने के मामले में गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों के जमानत प्रार्थनापत्र को साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने निरस्त कर दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि फ्रेंड्स कालोनी में जीएसटी के कर्मी बीरी सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि टिक्सी मंदिर के सामने रहने वाले अंकित जौहरी पुत्र संजय जौहरी व शिवा जौहरी पुत्र नरेश जौहरी ने बिजपुरी खेडा निवासी राधेश्याम राजपूत की फर्म एम एल बिल्डर्स के फर्जी दस्तावेज बनाए और उससे जीएसटी की चोरी की। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छानबीन के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों ने जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों की जमानत खारिज कर दी।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत ससुरालीजनों पर उत्पीड़न का आरोप

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम कैस्त में 24 वर्षीय विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार रामा देवी पत्नी प्रवेन्द्र सिंह ने बुधवार को घर के अंदर पंखे के कुंडे से दुपट्टे से फांसी लगा ली।

मृतका की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व हुई थी और उसकी कोई संतान नहीं थी। सास शीतला देवी ने बताया कि जब बहू ने दरवाजा नहीं खोला तो गेट तोड़कर देखा, वह फंदे से लटकी मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतका के भाई सुखवीर निवासी ग्राम रतिभानपुर थाना करहल, जिला मैनपुरी ने आरोप लगाया कि 18 फरवरी 2025 को दान-दहेज सहित विवाह करने के बाद से ही शराब पीकर पति आए दिन मारपीट व क्लेश करता था। जिसके चलते दोनों में विवाद बना रहता था कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन सुधार नहीं हुआ। करीब एक माह पूर्व बहन मायके आई थी, बाद में समझौते पर ससुराल भेज दिया गया। सीओ आयुषी सिंह, तहसीलदार नेहा सचान व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। उपनिरीक्षक मनीष कुमार ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



मौके पर जांच-पड़ताल करतीं सीओ आयुषी सिंह व तहसीलदार नेहा सचान।

- कैस्त गांव का मामला, जांच में जुटी पुलिस

# फाइलेरिया रोग के प्रति लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- केकेपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत लगा शिविर

**अमृत विचार।** केकेपीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सराय एसर में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

शिविर में सभी स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाएं प्रातः शिविर स्थल पहुंचे जहां ग्राम प्रधान सरवर सिंह द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवं शिविर में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। शिविर में सर्वप्रथम स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा बस्ती में ग्रामीणों के साथ इंट्रेक्शन किया गया तथा भ्रमण करके वहां की वास्तविक समस्याओं का सर्वेक्षण किया गया। सर्वे के आधार पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत कुमार दीक्षित ने बताया कि सर्वेक्षण द्वारा गांव में पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, यातायात संबंधी नियमों का पालन, साफ-सफाई आदि के प्रति जागरूकता की कमी संबंधी मुद्दे सामने आएं तथा पर्यावरण प्रदूषण से होने वाली हानियों के बारे में चर्चा की। सर्वे के पश्चात स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने लोगों को फाइलेरिया रोग के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को अल्पाहार कराया गया। लंच ब्रेक के पश्चात स्वयंसेवकों ने खेलकूद संबंधी गतिविधियों में भाग लिया। समापन सत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्र के प्रति समर्पित गीतों का प्रस्तुतिकरण किया गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत कुमार दीक्षित द्वारा सभी का धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर प्रो. शिवराज यादव, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ नमिता पाण्डेय तथा डॉ. नीता पांडेय एवं बृजेन्द्र आदि शिक्षक साथी तथा सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

विरोध — कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे मुकदमे वापस हों

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। इसमें उन्होंने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर लगाए गए मुकदमे फर्जी हैं उन्हें वापस लिया जाए। ज्ञापन देने के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

ज्ञापन में कहा गया है कि मौनी अमावस्या के दिन स्नान करने हेतु जाते समय सनातन धर्म के सर्वोच्च स्थान पर स्थापित ज्योतिर्मठ पीठाधीश्वर अविमुक्तेश्वरानंद को पुलिस द्वारा रोका गया उनके शिष्यों को बुरी तरह पीटा गया बटुकों को बाल पकड़ कर खींचा गया व बुरी तरह मारा गया और शंकराचार्य का छत्र तोड़ दिया गया।

शंकराचार्य व उनके शिष्य स्वामी मुकुदानंद ब्रह्मचारी व अन्य शिष्यों पर यौन शोषण तथा पाक्सो एक्ट में मुकदमा लिखा गया। सनातन धर्म के सर्वोच्च अधिष्ठाता पर लगाए गये सभी फर्जी मुकदमे बिना शर्त वापस लिए जाएं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, प्रशांत तिवारी, प्रमोद शंखवार, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, प्रेरणा जुबैरी, करण सिंह राजपूत, ललित दुबे, आसिफ जादरान, दीक्षा शुक्ला, प्रदीप द्विवेदी, मनोज दीक्षित, देवेंद्र राठौर, अमन तिवारी, सोहेल वारसी, संजीव त्रिपाठी, सत्य प्रकाश शुक्ला, कुसुमलता उपाध्याय, प्रेम किशोर द्विवेदी, अंबुज त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।




सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

- कांग्रेस नेताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन
- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे मुदकमों को बताया फर्जी

## खुलासा: बेटे ने ही की थी पिता की हत्या

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम निलोई में 70 वर्षीय मुन्ना लाल की हत्या कर शव जलाने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जमीनी विवाद में वृद्ध पिता की हत्या उसके ही पुत्र ने की थी। ग्राम निलोई में 26 जनवरी को मुन्ना लाल का जला हुआ शव पड़ा मिला था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान कोठरी के दरवाजे के पास खून के निशान मिले थे, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। घटनास्थल से पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए गहन जांच शुरू की। मृतक के पुत्र गजराज सिंह के द्वारा ही अज्ञात के खिलाफ मौत की तहरीर दी गई थी। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने कड़ी से कड़ी को जोड़ते हुए साक्ष्यों के आधार पर बुधवार को मृतक मुन्नालाल के बेटे गजराज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसे पैसों की जरूरत थी और पिता जमीन बेचने को तैयार नहीं थे।

# फिल्म के शीर्षक को लेकर वकीलों ने किया विरोध

**भरथना।** तहसील स्थित बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एक प्रस्तावित फिल्म के शीर्षक पर आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रदेश सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि यादव जी की लव स्टोरी नाम से बनाई जा रही फिल्म का शीर्षक एक विशेष समुदाय से जुड़ा होने के कारण समाज के कुछ वर्गों में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई है।



एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता।

बुधवार को बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी काव्या सी आईएएस को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि फिल्म का शीर्षक सामाजिक भावनाओं को प्रभावित कर सकता है, जिससे अनावश्यक विवाद की स्थिति बन सकती है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि संबंधित विभाग इस मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे। पूर्व अध्यक्ष रमेश चन्द्र यादव समेत कई अधिवक्ता इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि सामाजिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने के लिए समय रहते उचित कदम उठाए जाएं। इस दौरान अधिवक्ता महावीर सिंह यादव, सुभाष चंद्र यादव, सत्य प्रकाश राजा, राम कुमार यादव आदि रहे।

## सांड़ के हमले से घायल फल विक्रेता की मौत

**भरथना।** सांड़ के हमले से घायल 55 वर्षीय फल विक्रेता प्रेमबाबू उर्फ राजू की बुधवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। 18 फरवरी को उसे सांड़ ने मारा था।

कस्बा के मोहल्ला गिरधारीपुरा निवासी प्रेमबाबू को बीती 18 फरवरी की रात सती मंदिर के पास मंडी सांड़ ने घायल कर दिया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया। बुधवार सुबह जब उनका शव घर पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। प्रेमबाबू अपने पीछे पत्नी ममता देवी, पुत्र कृष्ण, प्रियांशु, हिमांशु, दीपांशु तथा पुत्रियां संध्या और पल्लवी को छोड़ गए हैं। उनकी मौत से न केवल परिवार बल्कि पूरे मोहल्ले में शोक व्याप्त है।

# हेलीकॉप्टर से हुई नवविवाहित जोड़े की विदाई

**अनोखी विदाई**

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बे में उस समय उत्सव जैसा माहौल बन गया, जब एक नवविवाहित जोड़े की विदाई हेलीकॉप्टर से की गई। अनोखी विदाई को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। पूरे क्षेत्र में यह शादी चर्चा का विषय बनी रही।

अजीतमल क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी निर्वेश राजपूत का विवाह महोबा जनपद के चरखारी क्षेत्र के भटेवरा काला गांव निवासी स्वाति राजपूत के साथ वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच संपन्न हुआ। विवाह समारोह में दोनों परिवारों के रिश्तेदार मौजूद रहे। दूल्हे के पिता सतेंद्र राजपूत ने बताया कि स्व. दादा दया किशन राजपूत की लंबे समय से इच्छा थी कि परिवार की बहू की विदाई हेलीकॉप्टर से हो।



हेलीकॉप्टर से विदाई के दौरान मौजूद नवदंपति जोड़ा व रिश्तेदार। अमृत विचार

परिवार ने इस सपने को साकार करने के लिए विशेष प्रबंध किए। बुधवार को दुल्हन की विदाई के लिए हेलीकॉप्टर सिंहवाहिनी महाविद्यालय परिसर में उतरा। सुरक्षा और धूल से बचाव के लिए मैदान में पहले से पानी का छिड़काव कराया गया था। जैसे ही हेलीकॉप्टर पहुंचा, वहां मौजूद हजारों लोगों ने तालियों और फूलों की वर्षा के साथ नवदंपति का स्वागत किया। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक क्षण को देखने पहुंचे।

कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन से इस पल को कैद किया। पूरे क्षेत्र में मेले जैसा दृश्य दिखाई दिया। दुल्हन स्वाति राजपूत ने इसे अपने जीवन का सबसे खास और भावुक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा परिवार मिला, जिसने उनकी विदाई को यादगार बना दिया। दूल्हे निर्वेश राजपूत ने कहा कि दादा की इच्छा पूरी होना उनके लिए गर्व की बात है। इस आयोजन से पूरा परिवार भावुक और गदगद नजर आया।


ट्रैक्टर ट्रॉली की जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

# अवैध खनन में तीन डंपरों को पकड़ 88 हजार वसूले

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- **उपजिलाधिकारी सदर अजय आनंद वर्मा के नेतृत्व में चलाया गया चेकिंग अभियान**

**अमृत विचार।** जनपद में अवैध खनन और उसके परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया। उपजिलाधिकारी सदर अजय आनंद वर्मा के नेतृत्व में इटावा राजमार्ग एवं औरैया-फफूंद रोड पर विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान कुल 14 डंपरों की सघन जांच की गई। जांच में तीन डंपर अवैध खनिज परिवहन करते पाए गए। मौके पर ही कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन स्वामियों से कुल 88,240 रुपये का जुर्माना वसूला गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन माफिया में हड़कंप मच गया।

इसके अतिरिक्त, अवैध मिट्टी खनन एवं परिवहन में संलिप्त चार ट्रैक्टरों को भी मौके से जब्त किया गया। इन ट्रैक्टरों पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी थी, जिससे उनकी पहचान संदिग्ध पाई गई। सभी ट्रैक्टरों को कोतवाली परिसर में खड़ा करा दिया गया है।

खनन अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित वाहनों पर नियमानुसार जुर्माना लगाते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी इसी प्रकार की सघन जांच और कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान में खनन विभाग की टीम एवं थाना पुलिस बल सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कीटनाशक खाने से युवक की हालत बिगड़ी

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पुरवा थाना निवासी दीपांशु यादव पुत्र आदेश कुमार ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। परिजनों ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा पहुंचाया।सीएचसी में डॉ. ललित मोहन ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल चिचौली के लिए रेफर कर दिया। परिजन लगभग 3 बजकर 40 मिनट पर जिला अस्पताल पहुंचे।

### ट्रक में टक्कर लगने से बाइक सवार घायल

**अछल्दा, औरैया।** कस्बे के हरीगंज बाजार आदर्श चौराहे पर बुधवार रात करीब 7 :25 बजे एक तेज रफ्तार बाइक सवार खड़े ट्रक में जा भिड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव यादव (30 साल) पुत्र साधो सिंह निवासी ग्राम अमेला, अछल्दा बाजार से अपने घर लौट रहे थे। आदर्श चौराहे के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में उनके सिर में गंभीर चोट आई तथा एक पैर में फ्रैक्चर हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। ईएमटी विकास व चालक सुरेंद्र ने प्राथमिक उपचार देते हुए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा पहुंचाया। वहां चिकित्सक डॉ. ललित मोहन ने उनका उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया।

### चौपाल का किया गया आयोजन

**औरैया।** बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि 24 फरवरी को उनकी अध्यक्षता में ग्राम भैदपुर परगना व तहसील बिधूना में ग्राम चौपाल का आयोजन ग्राम प्रधान चकबंदी अध्यक्ष व सदस्यों तथा ग्राम के किसानों की मौजूदगी में किया गया। ग्राम चौपाल में उपस्थित किसानों द्वारा चकमार्ग, विरासत, खातों से संबंधित विभाजन की शिकायतें की गईं जिन्हें बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी द्वारा निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को आदेश दिए गए हैं।

### एक दर्जन से अधिक दुकानदारों पर कार्रवाई

**दिबियापुर, औरैया।** कस्बे में बुधवार को बाट-माप विभाग की टीम ने सघन जांच अभियान चलाकर एक दर्जन से अधिक दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की। जांच के दौरान कई दुकानों पर माप-तौल उपकरण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। जिला मुख्यालय से पहुंचे बाट-माप विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक गया प्रसाद ने कर्मचारियों के साथ कस्बे की विभिन्न दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान आटा चक्की, ज्वेलर्स समेत अन्य प्रतिष्ठानों के माप-तौल उपकरणों की गहन जांच की गई। कई स्थानों पर बाट और इलेक्ट्रॉनिक तराजू मानक के अनुरूप नहीं मिले, जिस पर विभागीय कार्रवाई करते हुए चालान किए गए।वरिष्ठ निरीक्षक ने बताया कि सभी दुकानदार अपने माप-तौल उपकरणों की समय-समय पर जांच अवश्य करा लें और विभाग से आवश्यक सत्यापन प्रमाणपत्र एवं रसीद प्राप्त कर लें।उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को सही मात्रा में सामान मिलना सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है।

# दुष्कर्म के प्रयास में दोषी को 15 साल का कारावास

## विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) की कोर्ट ने सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- **थाना दिबियापुर क्षेत्र का करीब नौ वर्ष पुराना मामला**
- **दोषी पर अदालत ने जुर्माना भी लागाया**

**अमृत विचार।** थाना दिबियापुर क्षेत्र के करीब नौ वर्ष पुराने दुष्कर्म के प्रयास के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र की अदालत ने आरोपी डोरीलाल को दोषी करार देते हुए 15 साल की कठोर सजा सुनाई है। न्यायालय ने अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त छह माह का कारावास भुगतना होगा। साथ ही जमा अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया गया है। दोषी को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया।

प्रकरण वर्ष 2017 का है। पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 19 मार्च 2017 को वह अपने पति के साथ कानपुर दवा लेने गई थीं और घर पर उनकी 10 वर्षीय पुत्री अकेली थी। आरोप है कि पड़ोस के डोरीलाल ने बालिका को अपने घर बुलाकर अश्लील हरकतें कीं और दुष्कर्म का प्रयास किया। किसी तरह बच्ची उसके चंगुल से निकलकर घर पहुंची और परिजनों को घटना बताई। घटना के बाद परिजनों ने आरोपी के घर शिकायत की तो आरोप है कि आरोपी पक्ष मारपीट पर उतारू हो गया और जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थना पत्र में वादी ने आरोपी की दबंगई से मोहल्ले में भय का माहौल होने की बात भी कही थी। जांच के दौरान विवेचक ने वादी, उसके पति, पीड़िता व अन्य गवाहों के शपथ-पत्र लिए, जिनमें घटना को मनगढ़ंत बताया गया। इसके आधार पर पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट (एफआर) लगाकर न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कर दिया।

हालांकि गंभीर आरोपों को देखते हुए तत्कालीन मजिस्ट्रेट ने एफआर को निरस्त कर दिया और आरोपी को बिना नोटिस तलब कर लिया। आरोपी लंबे समय तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ और उच्चतम न्यायालय तक पैरवी करता रहा, लेकिन राहत न मिलने पर अंततः ट्रायल कोर्ट में पेश हुआ। विचारण के दौरान आरोपी पर दुष्कर्म के प्रयास एवं पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा चला। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों के परीक्षण के बाद न्यायालय ने आरोपी डोरीलाल को दोषी करार देते हुए 15 साल के कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई।

न्यायालय ने आदेश दिया कि जमा की गई अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाएगी। अर्थदंड अदा न करने की दशा में दोषी को अतिरिक्त छह माह का कारावास भुगतना होगा। फैसले के बाद दोषी को हिरासत में लेकर जिला कारागार इटावा भेज दिया गया।


हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

# हाईवे पर ट्रैक्टर-रोडवेज बस की टक्कर में कई यात्री घायल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बाबा होटल के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर इटावा की ओर से आ रही रोडवेज बस से जा टकराया, जिससे बस में सवार कई यात्री घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर इटावा की दिशा से आ रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात डंपर ने ट्रैक्टर को कट मार दिया। अचानक कट लगने से ट्रैक्टर चालक संतुलन खो बैठा और सामने से आ रही रोडवेज बस से भिड़ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के समय बस में कुल 16 यात्री सवार थे। टक्कर में तीन यात्रियों को गंभीर चोटें आईं, जबकि अन्य यात्रियों को हल्की चोटें लगीं। गंभीर रूप से घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस और डायल 112 पीआरवी 5362 की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हादसे के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया था, जिसे क्षतिग्रस्त बस और ट्रैक्टर को सड़क से हटवाकर खुलवाया।

**कार्यालय नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल जनपद औरैया**

**सूचना–पत्र**

**अन्तर्गत धारा 147 (2) नगर पालिका अधिनियम 1816 के अन्तर्गत**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी शिवा सिंह पत्नी विश्वनाथ सिंह निवासी विद्या नगर बाबरपुर ने एक पत्र के साथ बैनामा की छायाप्रति, आधार कार्ड, व भवन मानचित्र प्रस्तुत किया है, और अनुरोध किया है कि एक किता प्लाट 30×60 कुल क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट स्थित मोहल्ला विद्या नगर भवन निर्माण कराना चाहती है, जिसे प्रार्थिनी ने मीरा राठौर पत्नी मान सिंह राठौर से क्रय किया है, जिसके लिये मानचित्र स्वीकृति की आवश्यकता है।

उपरोक्त के सम्बंध में किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना पत्र के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरान्त किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**लिपिक**
**नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल**
**जनपद औरैया**

# 15 कुंतल मिलावटी छेना-पनीर नष्ट किया

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कसाहा गांव में बुधवार दोपहर प्रशासनिक टीम ने घर में बनाई जा रही मिठाई पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान करीब 15 कुंतल से अधिक पाउडर से बना छेना और कई कुंतल संदिग्ध पनीर बरामद किया गया। जांच के बाद जब्त किए गए पूरे माल को ट्रैक्टर-ट्रॉली से नगर स्थित बंबी नें ले जाकर नष्ट करा दिया गया।

उपजिलाधिकारी बिधूना, क्षेत्राधिकारी पुनीत मिश्रा और खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय की संयुक्त टीम ने घर को चारों ओर से घेरकर छापा मारा। अचानक हुई कार्रवाई से वहां काम कर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। प्राथमिक जांच में छेना और पनीर में बड़े पैमाने पर पाउडर की मिलावट पाई गई, जिसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया गया है। जब्त माल को नष्ट किए जाने के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। कई लोगों ने मोबाइल फोन से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। भीड़ बढ़ने पर ट्रैफिक पुलिस को व्यवस्था संभालनी पड़ी और लोगों को वहां से हटाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि तैयार हो रही मिठाइयों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में चर्चा है कि लंबे समय से ये काम चल रहा था। यहां से मिलावटी छेना-पनीर सस्ते दामों पर दुकानों और आयोजनों में सप्लाई किया जाता था। अधिकारियों ने फैक्ट्री को सील कर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# होली, रमजान सद्भाव से मनाएं


पीस कमेटी की बैठक में निर्देश देते कोतवाल। अमृत विचार

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** रमजान और होली के त्योहारों को सद्भाव एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर मंगलवार को कोतवाली परिसर में चौकीदारों एवं डीजे वालों की एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने लोगों से होली एवं रमजान का त्यौहार सद्भाव एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि त्योहार हमें आपस में मिलजुल कर रहने के साथ भाई चारे का संदेश देते हैं। उन्होंने कीचड़ आदि से होली न खेले जाने का अनुरोध किया साथ ही कहा कि दूसरे व्यक्ति की मनोस्थिति को देखकर ही होली खेलें। उन्होंने कहा की यदि कहीं कोई झगड़ा फसाद की आशंका हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस समूचे नगर से लेकर क्षेत्र में 24 घंटे गश्त करती रहेगी। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी की, साथ ही उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। नगर के लोगों ने कहा कि यहां के लोग एक-दूसरे के त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाते हैं।।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बहपुर विकास खण्ड गोहाण्ड. (हमीरपुर)**

पत्रांक :– मेमो / विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक:–25–02–2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग, एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत **ग्राम पंचायत बहपुर** में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते है जो दिनांक 04–03–2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक **ग्राम पंचायत बहपुर** के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 26–02–2026 से दिनांक 04–03–2026 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | उदयभान के मकान से महेश के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 1,73115.58 लाख रू0 | 3962 रु0 | 250+50 रू0 | 03 माह |
| 2. | मनरेगा | फड़के का मोहल्ला में सी0सी0 निर्माण कार्य | 3,27533.82 लाख रू0 | 6550 रु0 | 250+50 रू0 | 03 माह |
| 3. | मनरेगा | बारात घर के पास सी0सी0 निर्माण कार्य | 3,28813.20 लाख रू0 | 6576 रु0 | 250+50 रू0 | 03 माह |

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें।
5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी।
6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

**ग्राम पंचायत /विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बहपुर, वि0 ख0 गोहाण्ड (हमीरपुर)**

**सर्च अभियान**

18 फरवरी की रात कार गंगा नहर में पलट गई थी जिसमें मां, बेटा, पिता की मौत हो गई थी

# गोताखोरों को नहर से सिर्फ डस्टर कार का शीशा मिला

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** निचली गंगा नहर तुरूकपुर में बुधवार को फिर सर्च अभियान चला। दिबियापुर में आयोजित भांजी के वैवाहिक आदि कार्यक्रमों से वापस घर भर्थना लौटते समय डालडा कारोबारी की डस्टर कार 18 फरवरी रात रोड़ से निचली गंगा नहर में जाकर पलट कर डूब गई थी जिसमें मां, बेटा, पिता की मौत हो गई। जिसमें मां और बेटा का फोन और पर्स न मिलने पर दिवंगत के बड़े बेटे सूर्य मोहन पोरवाल ने थाना प्रभारी पंकज मिश्रा से आग्रह किया था। मंगलवार अपराह्न दो बजे चार गोताखोरों ने नहर में कूदकर सर्च ऑपरेशन चलाया। मृतक शुभम का तो मोबाइल मिल गया लेकिन मां का मोबाइल व पर्स नहीं मिल सका।


मौके पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

बुधवार को नहर के शटर घसारा नहर पुल के बन्द करने के बाद बहाव कम होने पर गोताखोरों ने मां का मोबाइल और पर्स के लिए आधा घन्टे तक रेस्क्यू किया लेकिन नहीं मिला। कार के शीशा मिले। गोताखोरों का मानना है कि पानी के तेज बहाव से पर्स बह गया, मोबाइल अंदर कही बैठ गया हो। रेस्क्यू 3.30 से 4 बजे तक चला। सिंचाई विभाग के एसडीओ सुभाष चन्द्र के निर्देशन पर घसारा नहर पुल के शटर गेट बन्द किए गए। म्रतक के बड़ा बेटा समेत परिवार के लोग भी मौजूद रहे। ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।

**निचली गंगा नहर रोड़ हादसा में 11.49 बजे अकेली कार जाती दिखी:** अछल्दा (औरैया)। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने जांच शुरू करते हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। पुलिस जांच में सामने आया कि नहर पुल अछल्दा से उस रात डस्टर कार 11.49 बजे भरथना की ओर अकेली जाती हुई दिखाई दी। दूसरी ईको कार भर्थना से आती हुई 11.55 पर दिखी। उसके बाद सड़क पर अन्य कोई वाहन नजर नहीं आया। पुलिस अब हादसे के समय और परिस्थितियों की बारीकी से पड़ताल कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने सीसीटीवी फुटेज चेक करते हुए पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

### तुरुकपुर में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे हुए चालू

अछल्दा। निचली गंगा नहर में तुरुकपुर गांव में हादसे के बाद बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों की बुधवार को साफ-सफाई कराई गई। कई महीनों से बंद पड़े कैमरों को दोबारा चालू कराने के लिए थाना प्रभारी पंकज मिश्रा और उपनिरीक्षक राशिद हुसैन ने स्वयं मौके पर पहुंचकर जांच की। पता चला कि डीवीआर की केबल न होने के कारण कैमरे संचालित नहीं हो पा रहे थे। इस पर थाना प्रभारी ने तत्काल नई केबल मंगवाने के निर्देश दिए और तकनीकी टीम को शीघ्र कैमरे चालू कराने के लिए कहा। थाना प्रभारी के निर्देश पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कैमरों को दुरुस्त कराया गया, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी व्यवस्था को किया जा सके। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सक्रियता की सराहना की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बहपुर विकास खण्ड गोहाण्ड. (हमीरपुर)**

पत्रांक :– मेमो / विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक:–25–02–2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग, एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत **ग्राम पंचायत बहपुर** में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते है जो दिनांक 04–03–2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक **ग्राम पंचायत बहपुर** के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 26–02–2026 से दिनांक 04–03–2026 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | कछवा कला रोड से राजू भगत जी के मकान तक सी0सी0 निमार्ण कार्य | 5,65632.69 लाख रू0 | 11312 रु0 | 500+98 रू0 | 03 माह |
| 2. | मनरेगा | केसरी के मकान के पास सी0सी0 निर्माण कार्य | 3,38276.17 लाख रू0 | 4765 रु0 | 250+50 रू0 | 03 माह |
| 3. | मनरेगा | प्रमोद के मकान से गौशाला तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 4,00135.95 लाख रू0 | 8002 रु0 | 250+50 रू0 | 03 माह |

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें।
5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी।
6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

**ग्राम पंचायत /विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बहपुर, वि0 ख0 गोहाण्ड (हमीरपुर)**

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट करने में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव में पीड़ित के साथ मारपीट करने तथा जातिसूचक शब्द प्रयोग करने पर पीड़ित में दो लोगों के खिलाफ थाने में एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। कुसमरा गांव निवासी रोहित पुत्र छोटेलाल थाने में बताया कि 17 फरवरी को शाम अपने दरवाजे पर खड़ा था। तभी गांव के आलोक सिंह शिव शंकर आकर अकारण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने में मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट व हरिजन एक्ट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एक दर्जन ओवरलोड ट्रकों पर हुई कार्रवाई

**मौदहा।** अवैध खनन और ओवर लोडिंग के खिलाफ चलाए गए अभियान से खनन माफिया सकते में आ गए जबकि एक दर्जन ओवरलोड ट्रकों को पकड़ कर स्थानीय गल्ला मण्डी में खड़ा कराया गया है। मंगलवार देर रात उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह और क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में पुलिस ने नेशनल हाईवे से एक दर्जन ओवरलोड ट्रकों का चालान किया है। जबकि पुलिस ने सभी ट्रकों को पकड़ कर स्थानीय गल्ला मण्डी में खडा कराने के बाद खनिज विभाग और सम्भागीय परिवहन विभाग को सूचना दे दी है। इस संबंध में एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि छह ट्रक ओवरलोड हैं जबकि चार ट्रकों के कागजात संतोष जनक नहीं पाए गए। वहीं खनिज विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। बताते चलें कि इस समय खनन माफिया ट्रकों की नंबर प्लेट बदलकर या एक दो नम्बर मिटाकर अवैध खनन की ओवरलोडिंग कर रहे हैं और खनिज विभाग तथा परिवहन विभाग सब कुछ जानते हुए भी आंखे बंद किए रहता है।

### कार्यकत्री पर राशन नहीं देने का आरोप

**हमीरपुर।** सुमेरपुर ब्लाक के ग्राम सहजना की आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर बच्चों के पोषाहार एवं गर्भवती महिलाओं का राशन वितरित न करने का आरोप लगा महिलाओं ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। सहजना निवासी रंजना पत्नी देवी, सोनी पत्नी सुरेन्द्र, पुष्पांजली पल्ली गोविन्द, रीता पत्नी सवेंद्र, अनारकली पत्नी भरत, नक्को पत्नी झंडू, शान्ती पत्नी साजन, अंजना पत्नी ज्ञान सिंह, अंजना पत्नी रजनेश व सोनम पत्नी विपिन ने आरोप लगाया कि उन्हें राशन नहीं दिया गया है।मांगने पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रही है। पूर्व का जो राशन था उसे इसने वितरण किया है। लेकिन फरवरी माह राशन नहीं दिया है। कहा उन्होंने स्वयं सहायता समूह जय मां वैष्णों से जुड़ी महिलाओं को अवगत कराया तो जानकारी मिली कि कार्यकत्री सोनी सचान ने ब्लाक सुमेरपुर से राशन लेकर अपने घर पर रख लिया। आरोप लगाया कि सोनी सचान की विधवा होने के कारण नियुक्ति हुई थी, परन्तु कुछ दिन पहले गौरा देवी प्रांगण से विवाह कर लिया है। जबसे विवाह हुआ उसका बातचीत करने का अंदाज व तौर तरीके बदल गए हैं। उन्होंने किसी अधिकारी जांच कराने को कहा है।सार्थक फाउंडेशन ने गल्हिया गांव के सरकारी स्कूल में लगवाया नेत्र शिविर

### शिविर में बच्चों की जांची गई आंख

**राठ।** सार्थक फाउंडेशन की ओर से गल्हिया गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय जानकी कुण्ड चित्रकूट से आए चिकित्सकों ने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की आंखों की जांच पड़ताल की। चिकित्सक आशीष द्वारा नेत्र परीक्षण कराया गया। जिसमें लगभग 250 बच्चों को नेत्र परीक्षण किया गया। जांच शिविर के दौरान चिकित्सकों ने 20 छात्रों को आंखों के बारे में कैसे सावधानी रखनी है उसको बताया गया। ऐसे छात्रों को आईड्राप दिया गया। इसके साथ ही लगभग 10 छात्रों को चश्मा बनवाकर फाउंडेशन की ओर से दिया जाएगा। नेत्र परीक्षण के मौके पर विद्यालय के विद्यालय की प्रधानाचार्य उर्मिला राजपूत, अध्यापक मनीष तिवारी, दीप्ति सिंह, वंदना, सुलोचना, अमित कुमार, नरेश कुमार, गणेश, पुरुषोत्तम एवं परिचारक लक्ष्मी प्रसाद मौजूद रहे। फाउंडेशन के प्रबंधक धर्मेंद्र कोस्टा, अध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी, सदस्य भुवनेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रक ने बारातियों की कार में मारी टक्कर, एक की मौत

## बिवांर थाना क्षेत्र के महेरा गांव से देर रात लौट रहे थे बाराती

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

- कार में टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार भाग निकला ट्रक चालक
- कानपुर देहात के गजनेर क्षेत्र के तड़वारा मुक्तापुर का था युवक

**अमृत विचार।** महेरा गांव से शादी समारोह से लौटते समय राठ हाईवे में ललपुरा थाने से महज 200 मीटर दूर कार में अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे एक कार सवार बंजारा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने घायल को छानी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कानपुर देहात जनपद के गजनेर थानाक्षेत्र के तड़वारा मुक्तापुर निवासी छुन्नू नायर उर्फ बंजारा (32) पुत्र स्व.मेवालाल मंगलवार को अपने दोस्त रामकुमार पुत्र अशोक की बारात में शामिल होने बिवांर थाना क्षेत्र के महेरा गांव शादी समारोह में आया था। मंगलवार रात करीब दो बजे इको कार से कुछ



छुन्नू नायर।

बारातियों के साथ गांव लौट रहा था, तभी राठ हाईवे पर ललपुरा थाने के करीब 200 मीटर दूर तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी और तेज गति से निकल गया।

हादसे में छुन्नू सहित अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस के उपनिरीक्षक हरिप्रताप सिंह, हमराही अनुरुद्ध यादव, कांस्टेबल अशोक ने घायल छन्नू को छानी अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

छुन्नू के चचेरे भाई जयबीर सिंह ने बताया दुर्घटना के बाद कार में बैठे अन्य बराती घायल अवस्था में उसे छोड़कर भाग गए थे। भतीजे बिपिन ने बताया कि छुन्नू की मौत से पत्नी आरती देवी, पुत्री मांसी (8), बेटा बिनय (5), बेटा बिष्णु (3), मां ओमवती रोती-विलखती रहीं। उधर ललपुरा थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रास्ते पर वाहन खड़ा करने को लेकर रार

**मौदहा।** कस्बे के हुसैनगंज इलाके में मुख्य मार्ग पर चार पहिया वाहन खड़ा किए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। एक दिव्यांग ने उप जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

हुसैनगंज निवासी मकसूद रजा व मोहम्मद अतहर ने उप जिलाधिकारी को बताया कि निजामी वार्ड संख्या नौ में उनके घर के पास मुख्य रास्ते का केस न्यायालय में विचाराधीन है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की मंडल अध्यक्ष हिना परवीन रास्ते पर अपनी चार पहिया गाड़ी खड़ी कर देती हैं, जिससे कृषि यंत्र, सामान व मवेशियों के आवागमन में दिक्कत होती है। विरोध करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है। वहीं भाजपा नेता हिना परवीन का कहना है कि उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भूमि उनकी पुश्तैनी है। अभिलेख उनके पास उपलब्ध हैं। उप जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, तीन अस्थाई दुकानें जलकर राख

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में बस स्टैंड के पास पानी की टंकी परिसर के बाहर रोड किनारे टीन की अस्थाई दुकानों में बुधवार तड़के लगभग छह बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। इस आगजनी में तीन दुकानें पूरी तरह जल गईं। सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बस स्टैंड के पास नफीस मिस्त्री की बाइक रिपेयरिंग और पार्ट्स की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते-देखते आग किशोरा प्लम्बर व प्रताप साइकिल वाले की दुकान तक पहुंच गई। आग की लपटें देख किसी की जाने की हिम्मत नहीं हुई। प्रताप कुशवाहा ने अपनी दुकान का शटर किसी तरह खोल लिया और कुछ सामान भी निकाला, लेकिन नफीस और किशोरा की दुकान नहीं खुल सकीं। दोनों दुकानों के



दुकानों में लगी आग को बुझाते लोग। अमृत विचार

नीचे बने बेसमेंट में भरा सामान भी जलकर राख हो गया। लोगों ने पानी की सप्लाई चालू करवाकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि पानी तुरंत भाप बनकर उड़ जाता था। नफीस ने थाना व दमकल को सूचना दी, लेकिन फ़ायर स्टेशन मौदहा और हमीरपुर में होने की वजह से दमकल टीम लगभग डेढ़ घण्टे बाद लगभग साढ़े सात बजे आ सकी। जेसीबी से दुकानों के शटर तोड़े गए। तीनों दुकानदारों ने लगभग 60 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया है। बाइक मिस्त्री नफीस ने बताया कि उसका लगभग 30 लाख का नुकसान हुआ है। किशोरा प्लंबर ने 19 लाख का नुकसान बताया और प्रताप ने लगभग दस लाख का नुकसान बताया। लेखपाल अनिल यादव ने बताया कि सभी पीड़ितों से उनके नुकसान की सूची ले ली है।

# बालिका से दुष्कर्म में 20 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- करीब ढाई वर्ष पहले स्कूल के चौकीदार ने किया था दुष्कर्म
- 20 हजार अर्थदंड, पीड़िता को मिलेगी 80 प्रतिशत धनराशि

**अमृत विचार।** आवासीय विद्यालय में ग्यारह वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कीर्ति माला सिंह ने स्कूल के चौकीदार को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो अवध नरेश सिंह चंदेल ने बताया कि राठ कोतवाली में 31 अगस्त 2023 को एक गांव के ग्रामीण ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 11 वर्षीय पुत्री शाम 4 बजे खेत से गाय चरा कर घर लौट रही थी। जब वह रास्ते में नंदराम आवासीय स्कूल के सामने पहुंची तभी स्कूल के चपरासी शिव बालक पुत्र राजाराम निवासी पतखुरी थाना जरिया ने उसकी पुत्री को अमरूद खिलाने के बहाने स्कूल के कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर बच्ची को धमकाया। जब आरोपी टायलेट करने चला गया तो बच्ची भाग निकली और घर पहुंचकर पूरी घटना परिजनों को बताई। पुलिस ने आरोपी शिव बालक के खिलाफ धारा 376 एबी, 506 व 6 पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किया। मुकदमे की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कीर्ति माला सिंह ने आरोपी शिव बालक को 6 पॉक्सो का दोषी मानते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास व 20 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की 80 प्रतिशत धनराशि बतौर प्रतिकर पीड़िता को देने का आदेश किया है।

# सपाइयों ने राठ तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सड़क चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा निष्पक्षता से कार्य न किए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने एसडीएम अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सपा नेताओं ने सड़क चौड़ीकरण में निष्पक्षता और समानता की मांग की।

बुधवार को सपा नेता सत्यपाल यादव के नेतृत्व में दर्जनों समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। ज्ञापन में मांग की गई कि सड़क चौड़ीकरण के निर्माण और अतिक्रमण हटाने संबंधी मानकों को सार्वजनिक किया जाए। इसके अलावा बुलडोजर चलाने में समान नीति का पालन किया जाए। सपा नेता सत्यपाल यादव ने कहा कि नगर के विकास के लिए सड़क चौड़ीकरण का कार्य




सड़क चौड़ीकरण में निष्पक्षता की मांग करने तहसील जाते सपाई। अमृत विचार

स्वागत योग्य है, मगर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई समान और निर्धारित मानक के अनुसार नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर प्रभावशाली और सत्ताधारी व्यक्तियों के दबाव में उनके प्रतिष्ठानों को जानबूझकर छोड़ा जा रहा है। इससे प्रशासनिक निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। जिसके चलते लोगों में नाराजगी व्याप्त है। उन्होने मांग की कि किसी भी स्थान पर निर्धारित मानक से अधिक या कम तोड़फोड़ न की जाए और पूरे मार्ग पर एक समान मापदंड लागू किए जाए। इस दौरान राजेंद्र यादव, मातादीन पासवान, धीरेंद्र यादव, मोहम्मद नसीम, शिवम, अरविंद, राम प्रसाद, गंगादीन, रमेश, विमल, पंकज, नितेश, रविंद्र और तुलाराम आदि मौजूद रहे।

# मकान की दीवार गिरने से मां-बेटे संग 4 घायल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- नारायच में मंगलवार रात गिरी निर्माणाधीन मकान की दीवार
- दो घायलों की हालत गंभीर बनी जिला अस्पताल रेफर किए गए

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नारायच गांव में मंगलवार देर रात निर्माणाधीन मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे में मां-बेटे समेत पांच लोग मलबे में दबकर घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार नारायच गांव निवासी प्रमोद कुमार पुत्र प्रभू दयाल के घर में भवन निर्माण कार्य चल रहा था। देर रात अचानक दीवार गिर गई, जिसकी चपेट में प्रमोद की बहन राजेश वर्मा (42) उसका पुत्र शिवम उर्फ गोलू (12), पड़ोसी अरुण कुमार (20) तथा घसीटिया अनुरागी (40) आकर मलबे में दब गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर सभी घायलों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गोलू और घसीटिया की हालत चिंताजनक होने पर उन्हें तत्काल जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। ग्राम प्रधान फैसल खान ने बताया कि सभी घायलों का उपचार कराया जा रहा है और प्रशासन को भी घटना की जानकारी दे दी गई है।

# समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** व्यापारियों की एक बैठक अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने जिले की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि राठ कस्बे में आंबेडकर चौराहे से लेकर उरई बस स्टैंड़ की ओर एवं पठनऊ मोहल्ले में सड़क पर मोबाइल ट्रांसफार्मर पावर कारपोरेशन पिछले कई महीनों से रखे हैं। जिससे हादसे होने का खतरा मंडरा रहा है। सड़क पर मोबाइल ट्रांसफार्मर रखने से सारा दिन जाम रहता है। जल संस्थान की आपूर्ति एक दिन के अंतराल में होती है। ग्रीष्म ऋतु में एक नया टयूबवेल एवं अतिरिक्त् सबमर्सिबल मोटर की आवश्यकता है। मौदहा



जिलाधिकारी के साथ बैठक में मौजूद व्यापारी। अमृत विचार

नगर में अन्ना जानवर से सब्जी मंडी में एक वृद्धा की सांड के हमले से मृत्यु हो गई। अन्ना जानवरों पर रोक लगाई जाए। जीएसटी की दरों में जो बदलाव हुआ है एवं 12 एवं 28 फीसदी को खत्म किया गया है। लेकिन अभी तक स्पष्ट नहीं है। इसकी विस्तृत पीडीएफ उपलब्ध कराई जाए। कुरारा नगर में नगर पंचायत द्वारा बाजार में नई दुकानों का निर्माण कराया गया है। दुकानों के नीचे पाइप लाइन पडी होने और लीकेज होने से दुकानों में सीलिंग बनी हुई है। बेरी तिराहा, भौली रोड़, मनकी स्टैंड़, मैन बाजार में कही पर भी पेशाब घर नहीं है। जिससे महिलाओं की स्थिति अत्यंत गंभीर है। व्यापारियों ने डीएम से मांगों का निस्तारण कराने की मांग की। इस दौरान सूर्य कुमार तिवारी जिला महामंत्री व्यापार मंडल समेत अनेक लोग रहे।

## नहर में पानी बंद किसान परेशान

**राठ।** सरीला क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों से आए किसानों ने सरीला तहसीलदार को ज्ञापन देकर फसल के लिए नहर में पानी छोड़ने हेतु गुहार लगाई है।

किसान भारत सिंह यादव ने बताया कि सरीला क्षेत्र में जलालपुर, ममना, गहुली, छिबौली, अमूंद ,सरीला सहित अन्य गांवों के किसानों की फसलों को नहर में पानी न होने से भारी नुकसान होने का डर सता रहा है। फसलों को पानी की सख्त जरूरत है। ऐसे में सिंचाई विभाग ने नगर का पानी बंद कर दिया है जिससे सैकड़ों भीघा फसल प्रभावित है। और कहा कि पिछले दिन सोमवार को भी किसानों ने एसडीएम को सूचित किया था जिस पर एसडीएम बलराम गुप्ता ने शाम तक नहर में पानी छुड़ाने का आश्वासन दिया था मगर चौबीस घंटे बीत जाने पर भी नहर में पानी नहीं आया। तथा बताया कि तहसीलदार ने भी आश्वासन दिया है।

# बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण संपन्न

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन मौदहा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इसके पश्चात जनपद न्यायाधीश ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की विधिवत शपथ दिलाई। समारोह के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में अधिवक्ताओं को न्याय व्यवस्था की मजबूती हेतु ईमानदारी, निष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज और न्यायालय के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी



शपथ ग्रहण करते बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

में अध्यक्ष शिवलाल पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवनारायण निषाद (एडवोकेट), महामंत्री विवेक कुमार दीक्षित (एडवोकेट), कोषाध्यक्ष अफरोज आलम (एडवोकेट), कनिष्ठ उपाध्यक्ष विनय तिवारी (एडवोकेट) एवं राजेंद्र कुमार (एडवोकेट), संयुक्त सचिव अनुज कुमार सिंह, अभीशेक निगम, राजबहादुर पाल लाइब्रेरियन मुहम्मद हनीफ शामिल रहे। समारोह में विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला सचिव, अपर जिला जज, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उपजिलाधिकारी सहित बार एसोसिएशन के तमाम अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जागरुकता बढ़ाई | किसान यूनियन के बैनर तले निकाली गई बाइक रैली, गांवों में भ्रमण के बाद डीएम कार्यालय पहुंची

# 'जंगल-जल-जीवन बुंदेलखंड बचाओ' का गूंजा संदेश

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले मंगलवार को 'जंगल-जल-जीवन बुंदेलखंड बचाओ' के नारे के साथ डीजे बाइक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और नदियों के जलदोहन के मुद्दे पर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया।

किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर जनपद के विभिन्न गांव, गली और कस्बों से होकर रैली निकाली गई, जो जिला अधिकारी कार्यालय पहुंची। वहां छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर नदियों के जलदोहन, जंगलों में पेड़ों की कटान सहित अन्य समस्याओं पर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर न्याय



बाइक रैली निकालते किसान यूनियन के लोग। अमृत विचार

दिलाने की मांग की गई।

रैली की खास बात यह रही कि संगठन के कार्यकर्ता हरी टोपी और गगनभेदी नारों के साथ शामिल हुए। हालांकि रैली के दौरान तेज डीजे बजने से आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ा। साथ ही कई कार्यकर्ता यातायात नियमों का उल्लंघन करते नजर आए और अधिकांश बाइक सवारों ने हेलमेट का प्रयोग नहीं किया, जिससे सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठे।

## भारतीय मजदूर संघ ने निकाला पैदल मार्च

**हमीरपुर।** न्यूनतम पेंशन एक हजार से बढ़ाकर 75 सौ प्रतिमाह महंगाई भत्ता राहत के साथ लागू करने सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने बस स्टैंड से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। प्रधानमंत्री व श्रम एवं रोजगार मंत्री के नाम डीएम घनश्याम मीना को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि उड़ीसा के पुरी में भारतीय मजदूर संघ के 21 वें अखिल भारतीय त्रिवार्षिक अधिवेशन में श्रम एवं रोजगार मंत्री ने मुद्दों का समाधान करने का आश्वासन दिया था, जिसमें श्रम कानूनों को अंत्योदय की सच्ची भावना के साथ लागू करने, इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में श्रमिकों की चिंताओं का समाधान किया जाए। इपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन रुपए एक हजार से बढ़ाकर 75 सौ प्रतिमाह महंगाई भत्ते के राहत के साथ लागू करने, इपीएफ में अनिवार्य अंशदान के लिए सीमा 15 हजार में बढ़ाकर 30 हजार प्रतिमाह करने, इएसआईसी के तहत कवरेज के लिए मासिक वेतन सीमा रुपये 21 हजार प्रति माह से बढ़ाकर 42 हजार रुपये करने, बोनस भुगतान अधिनियम 1964 के तहत बोनस की पात्रता को केलकुलेशन की वर्तमान मीलिंग 7 हजार तथा एलिजिबिलिटी सीलिंग लिमिट रुपये 21 हजार करने सहित 8 मांगें हैं। यहां जिलाध्यक्ष शिवशरण सिंह, उमा देवी, अजीत सिंह गौतम, वंश गोयल, दिनेश कुमार, लल्लू राम भारती, मंजली, अमरीश, गौरव, विजय, सतीश, रामबाबू आदि रहे।

# नगर पंचायत की सीसी रोड को दबंगों ने तोड़ा

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने का आरोप
- चेयरमैन ने एसपी और कोतवाली प्रभारी से की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** कस्बे में वार्ड नौ में नगर पंचायत द्वारा निर्माण कराई गई सीसी सड़क को दबंगों द्वारा दबंगई के बल क्षतिग्रस्त कर देने की शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष ने एसपी एवं थाना प्रभारी से कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

नगर पंचायत चेयरमैन आशारानी कबीर ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कस्बे के वार्ड नौ में अश्विनी के मकान से बच्चू के मकान तक सीसी रोड का निर्माण कराया था।चेयरमैन आरोप लगाया कि कस्बा निवासी राजेश सिंह सहित अन्य आठ दस अज्ञात लोगों ने 23 फरवरी को दो बजे रास्ता को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने जब नगर पंचायत कर्मचारियों को मौके पर भेजा तो उक्त लोगों द्वारा उनके साथ अभद्रता कर दी गई। इसके पूर्व भी यह लोग रास्ता खोद चुके है। नगर पंचायत से नोटिस जारी करने के बाद भी भूमि के अभिलेख कार्यालय में नहीं प्रस्तुत किए गए हैं। बताया कि उक्त दबंग प्रवृत्ति के है,इनके विरुद्ध कई मुकदमे पंजीकृत है। उन्होंने कहा कि सीसी रोड क्षतिग्रस्त करने से नगर पंचायत को आर्थिक नुकसान हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस प्रकरण में कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधान प्रतिनिधि को लाठियों से पीटा

**बेलाताल (महोबा)।** जैतपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत महुआबांध के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शैलेन्द्र बाजपेई ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह घर पर था, तभी देवेंद्र पांचाल निवासी लिहेडी श्रीनगर, अमित विश्वकर्मा निवासी महुआबांध ने फोन से बताया कि जेसीबी बंद हो गई है, बैटरी लेकर खेत पर आ जाओ। वह जैसे ही खेत पहुंचा तो कपिल पुत्र चंद्रभान, उपेन्द्र पुत्र चंद्रभान, चंद्रभान उर्फ पुत्र बाबूलाल, राहुल पुत्र दयाराम विश्वकर्मा, हेमंत पुत्र मूलचंद्र ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया। जान बचाकर अपने घर पहुंचा, परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया। उसके दाहिने हाथ में फैक्चर और पसलियों में गंभीर चोटे आई हैं।

### आठ सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**महोबा।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले पेंशन वृद्धि, ठेका प्रथा समाप्त किए जाने सहित आठ मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उड़ीसा के पुरी में हुए 21वें अधिवेशन के प्रस्तावों को लागू करने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में स्वास्थ्य विभाग, परिवहन निगम, कोऑपरेटिव बैंक और सहकारी बैंक समेत एक दर्जन विभागों के कर्मचारी शामिल थे। मांग पत्र में न्यूनतम पेंशन को 1000 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रतिमाह करने की प्रमुख मांग शामिल थी। कर्मचारियों ने इसे महंगाई भत्ते से जोड़ने पर भी जोर दिया। इसके अतिरिक्त, ईपीएफ अंशदान के लिए वेतन सीमा को 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपये और ईएसआई के लिए इसे 42 हजार रुपये करने की मांग भी उठाई गई।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने दुकानों से नमूने भरे

**कालपी (जालौन)।** बुधवार को नायब तहसीलदार की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तीन दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने भरे। होली त्योहार पर मिलावट रोकने के लिए बुधवार को नायब तहसीलदार के साथ टीम ने किशमिश, बेसन, कचरी, मिठाई तथा अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. जतिन कुमार सिंह के अनुसार नीरज किराना टरननगंज से किशमिश और बेसन, मनोज कुमार के प्रतिष्ठान से कचरी का नमूना, राजमार्ग स्थित दुकान से गुझिया मिठाई का नमूना संग्रहीत किया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव, अनिल कुमार शंखवार तथा महेश प्रसाद शामिल रहे।

### 10 मार्च को बैठक में होगा विचार विमर्श

**महोबा।** जनपद में युवाओं के घर से भागने की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान ने 10 मार्च को दोपहर 12 बजे महत्वपूर्ण बैठक पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर्स भवन में कराने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष सुनील शर्मा, महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य जनपद में सामाजिक जागरूकता, परिवार संवाद एवं युवाओं के मार्गदर्शन के लिए ठोस कार्य योजना तैयार करना है। बैठक में समाजसेवियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, जागरूक नगर वासियों के अलावा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है, जिससे सामूहिक विचार विमर्श कर प्रभावी समाधान निकाला जा सके।

# सिलेंडर में धमाका, गुमटी और दुकानें राख

## शहर के डाकबंगला चौराहे के पास सिलेंडर में गैस रिसाव होने से हुआ विस्फोट, अफरातफरी मची

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

**अमृत विचार।** शहर के डाकबंगला चौराहे के समीप एक दुकान में गैस सिलिंडर से रिसाव के चलते जोरदार विस्फोट के साथ आग लग गई, जिससे आधा दर्जन से अधिक गुमटियां और दुकान आग की चपेट में आने से जलकर बर्बाद हो गई। आग की लपटे देखकर आसपास के लोगों और दुकानदारों में हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गुमटी, दुकाने और उसमे रखा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित दुकानदारों ने प्रशासन से आगजनी से हुए नुकासान के लिए मुआवजे की मांग की है।

शहर के व्यस्त डाक बंगला चौराहे के आसपास कई गुमटियां और दुकाने संचालित है। प्रतिदिन की तरह मोमोज, चाय, बस बुकिंग काउंटर आदि के दुकानदारों ने अपनी दुकानों को खोला, तभी अचानक एक दुकान में रखे सिलिंडर से गैस रिसाव के चलते आग लग गई और देखते ही देखते आग ने उग्र रुप धारण कर लिया। आग ने धीरे धीरे आसपास बनी करीब सात दुकानों को अपनी गिरफ्त में ले लिया और अचानक सिलिंडर में जोरदार धमाका हो गया, जिससे आसपास के लोगों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया। लोगों ने दमकल विभाग को सूचना देने के बाद आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी बढ़ गई थी कि लोग उसे बुझाने में नाकाम हो गए। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को रोककर बचाव कार्य शुरू कराया गया। दमकल विभाग के कर्मी वाहन सहित मौके पर पहुंचे और एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकाने और उसमे रखा सामान जलकर बर्बाद हो गया। दुकानदारों ने अग्निशमन विभाग की देरी पर नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि सूचना देने के बावजूद दमकल की गाड़ियां करीब आधे घंटे बाद पहुंचीं। अग्निकांड से कई गरीब परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई है। पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि उनकी जमा पूंजी और सारा सामान आग में जल गया। दुकानदारों ने प्रशासन से सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की है।



दुकानों में लगी आग। अमृत विचार



आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

- सूचना देने के आधे घंटे बाद पहुंचीं दमकल गाड़ियां
- दुकानदारों ने प्रशासन से मुआवजे की लगाई गुहार

# नियमित जलापूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश

**कायालय संवाददाता, जालौन**

- पंप ऑपरेटर को हटाकर नई तैनाती किए जाने की मांग

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भदवा में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। गांव में स्थापित पानी की टंकी से पूरे गांव में पेयजल की आपूर्ति की जाती है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि पंप ऑपरेटर की मनमानी के कारण लोगों को नियमित पानी नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार टंकी पर तैनात पंप ऑपरेटर बबलू कुमार वर्मा निर्धारित समय पर पानी की सप्लाई चालू नहीं करते हैं। जब भी कोई ग्रामीण पानी की समस्या को लेकर उनसे बात करता है तो वह गाली-गलौज पर उतर आते हैं और टंकी बंद रखने की धमकी देते हैं। इससे गांव के लोग, खासकर महिलाएं और बुजुर्ग, पेयजल के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। गांव के रामवीर वर्मा, वीरेंद्र, लल्लन सिंह पटेल, होरीलाल, मुन्ना, विवेक, मुनेश बराह और सुखई पटेल सहित कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पानी की सप्लाई नियमित न होने से रोजमर्रा की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। सुबह के समय जब पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, उस समय भी टंकी चालू नहीं की जाती। ग्रामीणों का कहना है कि एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। मंगलवार की शाम को पंप ऑपरेटर ने पानी की सप्लाई नहीं दी इसके बाद बुधवार की सुबह भी जब टंकी चालू नहीं हुई तो कई लोग टंकी परिसर में पहुंचे और ऑपरेटर से सप्लाई शुरू करने को कहा। आरोप है कि इस दौरान पंप ऑपरेटर ने ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज की। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाए और पंप ऑपरेटर को हटाकर किसी अन्य ऑपरेटर की नियुक्ति की जाए।

## बीडीओ पर लगाए शोषण के आरोप

**महोबा।** चरखारी में ग्राम प्रधानों ने बीडीओ पर भ्रष्टाचार और आर्थिक शोषण के आरोप लगाते हुए सीडीओ को ज्ञापन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। प्रधानों ने न्याय न मिलने पर सामूहिक स्तीफा तक दिए जाने की चेतावनी दी है।

कुरौराडांग, बगरौन, फतेहपुर, इमिलियाडांग, स्वासामाफ, नरेड़ी, गुढ़ा सहित एक दर्जन प्रधानों ने बीडीओ विपिन गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वह गांव पहुंचकर सार्वजनिक रूप से अभद्र व्यवहार करते हैं और अनावश्यक टीका टिपण्णी कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि बीडीओ के विरूद्ध कार्रवाई नही की जाती है तो प्रधान सामूहिक रूप से स्तीफा देंगे। ग्राम प्रधानों ने बताया कि इससे पूर्व दो दर्जन प्रधानों ने चरखारी विधायक के समक्ष भी शिकायत दर्ज करायी थी। जिस पर चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने कार्यशैली सुधारने की चेतावनी दी थी। इस संबन्ध में खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता का कहना है उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं।



आग से कागज फैक्ट्री में जला गूदड़। अमृत विचार

## कागज फैक्ट्री में आग से लाखों का गूदड़ जल गया

**संवाददाता, कालपी**

**अमृत विचार।** हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से कागज फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे अग्निशमन दस्ते ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक वहां पर रखा लगभग पांच लाख का गूदड़ जलकर राख हो गया।

हाईवे किनारे यमुना पुल के पास इसरार की कागज फैक्ट्री लगी हुई है जिसे नगर के मुहल्ला रावगंज निवासी प्रशांत गुप्ता विगत चार वर्ष से किराए फैक्ट्री लेकर संचालित कर रहे है लेकिन बुधवार दोपहर फैक्ट्री परिसर से गुजरी हाईटेंशन लाइन में अचानक फाल्ट आ गया और उससे निकली चिंगारी वहां पर रखे गूदड़ में गिर गई थी लेकिन जब तक संचालक को जानकारी हुई तब तक आग भड़क चुकी थी, जिसपर उसने इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी और खुद भी आग पर काबू करने में लग गए थे। इसी बीच मौके पर आए अग्निशमन दस्ते ने आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग को आगे बढ़ने से तो रोक दिया लेकिन तब तक परिसर में रखा गूदड़ जलकर पूरी तरह राख हो गया। संचालक के अनुसार जले गूदड़ की कीमत लगभग पांच लाख रुपये है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जांच कराई जाएगी।

## शंकराचार्य के मुद्दे पर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**महोबा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के खिलाफ यौन शोषण के मामले में की गई एफआईआर के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम डीएम गजल भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज कराने वाले व्यक्ति की पृष्ठभूमि उसकी परिस्थितियों और संभावित प्रेरक तत्वों का निष्पक्ष परीक्षण और पारदर्शी तरीके से जांच की जाए। सनातन परंपराओं में शंकराचार्य का पद सर्वोच्च आध्यात्मिक पद होता है। संविधान में सभी को धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक कार्यक्रमों के प्रबंधन का संवैधानिक अधिकार है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस संजू यादव, जिला महासचिव अरविंद चौधरी, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष देशराज रैकवार, जिला सचिव मुकेश सक्सेना, धर्मेंद्र कुमार, जयराम प्रजापति, बृजभान व जगदीश आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# तरावीह मुकम्मल, अमन की दुआएं

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

**अमृत विचार।** माह-ए-रमज़ान पर तरावीह में कुरआन-ए-पाक मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो चुका है। शहर के हाजी कुतुबशाह रहमतुल्लाह अलैह के मजार-ए-अकदस में चल रही तरावीह का मंगलवार की रात हाफिज इरशाद ने कुरान सुनाते हुए तरवीह मुकम्मल की। तरावीह में सैकड़ों की संख्या में रोज़ेदारों ने शिरकत करके तरावीह में कुरान को सुना। कुरान पूरा होने के बाद कमेटी के लोगों ने हाफ़िज़ की गुलपोशी करके उन्हें बधाई दी और अंत में मुल्क में अमन व अमान एवं भाईचारा के लिये दुआएं भी मांगी गई। इस मौके मुफ्ती साहब ने कुरान पर रोशनी डालते हुए मुस्लिमों से नेक राह पर चलकर जिंदगी गुजर बसर करने की अपील की।

हाजी कुतुबशाह रहमतुल्लाह अलैह के मजार परिसर में छठवें रोजे को तरावीर पूरी होने के बाद मुफ्ती शमीउद्दीन साहब ने खिताब करते हुए कहा कि जो किताब दुनिया वालों के जरिए लिखी जाती हे उसमें शक की गुंजाइश है, लेकिन कुरान दुनिया वालों की किताब नहीं बल्कि अल्लाह पाक की तरफ से भेजी जाने वाली किताब है, इसमें शक नहीं किया जा सकता, क्योंकि अल्लाह ने कुरान के शुरू में ही बयान फरमादिया है कि ये कुरान वो किताब हे जिस में शक नहीं करना। उन्होंने बताया कि आज हमने कुरान पर अमल करना छोड़ दिया है इसीलिए परेशान हैं, अगर हम कुरान को पढ़कर उस पर अमल करेंगे तो हमारी दुनिया और आख़िरत भी कामयाब हो जाएगी। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ दीन की तालीम दिलाए जाने पर जोर दिया।

हाफिज इरशाद ने खिताब करते हुए कहा कि कुरान अल्लाह का कलाम है, जो रमजान में नाजिल हुआ। कुरान सुनना और सुनाना सुन्नत है और रमजान के आखिरी दिनों तक तरावीह जारी रखनी चाहिए। तरावीह पूरी होने के बाद हाफिज की गुलपोशी करते हुए लोगों ने उन्हें फूलमाला से लाद किया। इसके बाद फातिहा और दुआ का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें अल्लाह से माफ़ी, जहन्नम की आग से पनाह, और ईमान की मजबूती के अलावा मुल्क की तरक्की और अमन चैन कायम रखने की दुआएं मांगी गई। इस मौके पर लोगों ने शिरकत की और आखिर में सलाम के बाद लंगर तकसीम किया गया।



हाफिज को फूलमाला पहनने के बाद खड़े लोग। अमृत विचार

- हाजी कुतुबशाह रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर हाफिज इरशाद ने पढ़ा कुरान

# सद्भाव के साथ मनाएं होली त्योहार

**कार्यालय संवाददाता, जालौन**

**अमृत विचार।** होली के पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अधिकारियों ने त्योहार को सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है।

एसडीएम हेमंत पटेल की अध्यक्षता और सीओ शैलेंद्र बाजपेई की उपस्थिति में कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्वक मनाएं। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे शांति भंग हो। सीओ ने कहा कि त्योहार के मौके पर बाहर काम करने वाले लोग भी गांव में आते हैं। ऐसे में यह ध्यान रखा जाए कि त्योहार में सब लोग हिल मिलकर रहें। त्योहार की रौनक को शराब आदि पीकर बर्बाद न करें। अपने घर में और परिवार के लोगों के बीच धन खर्च करें। कोई ऐसे कार्य में धन खर्च न करें जिससे स्वयं का ही नुकसान हो। इस मौके पर कोतवाल आनंद सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, एसएसआई संजय यति, एसडीओ एस सोनी, आशीष प्रधान, संजीव सिंह, सुशील कुमार, श्यामबाबू मुखिया, अरविंद चौबे, पवन चतुर्वेदी, चंद्रप्रकाश, संजय सेंगर, दीपक सेंगर, अरविंद कुमार, अफरोज शाह, अनीस, शिवम कुशवाहा, इसरार, संजय, प्रदीप पुजारी आदि मौजूद रहे।



शांति समिति की बैठक को संबोधित करते सीओ शैलेंद्र बाजपेई। अमृत विचार

# भ्रष्टाचार के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

**संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)**

**अमृत विचार।** तहसील कुलपहाड़ में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं एकजुट होकर विरोध जताया और उपजिलाधिकारी प्रशासनिक के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है, जिससे तहसील से संबन्धित सभी कार्य ठप्प हो गए हैं।

तहसील कुलपहाड़ में विभिन्न पटल पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। निजी कर्मचारी बैठा कर काम कराया जा रहा है। जिससे बिना पैसे दिए कोई काम नहीं किया जाता है। यह आरोप कुलपहाड़ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने लगाए हैं। अधिवक्ताओं ने नाराजगी जताते हुए नारेबाजी करते हुए हड़ताल पर जाने की घोषणा कर दी है। वकीलों की हड़ताल से आज तहसील में किसी भी तरह का कामकाज नहीं हुआ।

बार संघ के महामंत्री बृजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि इस संबन्ध में कई बार उपजिलाधिकारी से वार्ता कर शिकायत की गई, उन्होंने हर बार भ्रष्टाचार पर लगाम कसने का आश्वासन भी दिया , लेकिन कर्मचारियों का रवैया नहीं बदला। जिसके कारण अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। बार संघ के अधिवक्ता अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाने से कार्य ठप्प हो गए हैं। इस अवसर पर बार संघ के अध्यक्ष लक्ष्मन सिंह यादव एडवोकेट, महामंत्री बृजेंद्र द्विवेदी एडवोकेट, शाकिर खान एडवोकेट, विजय साहू एडवोकेट सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।



कुलपहाड़ तहसील में विरोध जताते अधिवक्ता। अमृत विचार

- अधिवक्ताओं के हड़ताल पर चले जाने से कामकाज रहा प्रभावित

**समीक्षा** ईडीआई के सापेक्ष कम दवाओं पर जिलाधिकारी ने जताया रोष, जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने दिए जरूरी निर्देश

# जरूरी होने पर ही सीएचसी-पीएचसी से मरीज रेफर करें

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गर्भवती महिला पंजीकरण, जननी सुरक्षा योजना आदि का मरीजों को समय से लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने चिकित्सा अधीक्षकों को मरीज का उपचार अपनी इकाई पर किए जाने और यदि डाक्टर किसी कारणवश उपलब्ध न होने पर मरीज की स्थिति को देखते हुए रेफर किए जाने की बात कही। डीएम ने ईडीआई के सापेक्ष कम दवाओं की उपलब्धता पर रोष व्यक्त किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा कार्यक्रम, एंबुलेंस सेवा, मातृत्व मृत्यु संबंधी समीक्षा एवं टीकाकरण संबन्धी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिले के 102, 108 व एएलएस एंबुलेंस के मैनेजर को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में किसी मरीज को लाने और ले जाने में विलंब न हो। उन्होंने निर्देश दिए गए कि स्टेट रैंक से जिले की रैंक कम नहीं होनी चाहिए, स्वास्थ्य सेवाओं की सब तक पहुंच सुनिश्चित कराये और जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत प्रतिशत लाभार्थियों को सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि किसी भी मरीज को बाहर की दवाई न लिखी जाए यदि किसी तरह की बाहर की दवाई लिखी पाए जाने की शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

डीएम ने सभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों और चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज का यथा संभव इलाज अपनी इकाई पर ही करें, यदि उस विधा का डॉक्टर उपलब्ध न हो तो मरीज की स्थिति का आकलन करने के बाद ही मरीज को रेफर करें। डीएम ने आरसीएच पोर्टल पर चरखारी ब्लॉक की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी अधीक्षक को निर्देशित किया कि राज्य औसत के अनुरूप अपनी प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें। ईडीआई के सापेक्ष कम दवाओं की उपलब्धता पर जिलाधिकारी ने रोष व्यक्त करते हुए लोकल परचेज के माध्यम से शत प्रतिशत दवाओं की उपलब्धता अस्पताल में सुनिश्चित कराने कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ बलराम कुमार, सीएमओ डॉ. आशाराम, सीएमएसडॉ. सुरेश कुमार, डॉ. वीके चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी रहे।



बैठक में मौजूद डीएम गजल भारद्वाज और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### महिला, बच्चों की शिकायतों को गंभीरता से लें

- अभियोजन की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने सभी उपजिलाधिकारीयों को 107/16 में अपराधियों को पाबंद करने और निदेशक अभियोजन को सभी न्यायालय के वादों को टेकअप कराने के लिए निर्देशित किया। डीएम महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहृताओं की बरामदगी जल्द करने की बात कही साथ ही जिले में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की समीक्षा की साथ ही अभियान चला कर विरासत लाइसेंस के मामलों को शीघ्र निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ प्रदीप कुमार, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# बाइक रैली निकाल सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)**

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर बेलाताल मंडी स्थल से बाइक रैली निकाली। रैली क्षेत्र के दर्जन गांवों का भ्रमण करती हुई तहसील पहुंची जहां पर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। गोष्ठी के बाद किसानों ने चकबंदी प्रक्रिया सहित अन्य समस्याओं के बावत मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार प्रमित सचान को सौंपकर समस्याओं का निस्तारण कराए जाने की मांग की।

मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी एवं जिलाध्यक्ष स्वामी प्रसाद राजपूत के नेतृत्व में बाइक जुलूस छितरवारा, अमानपुरा, कुनाटा, भरवारा, सुगिरा से होती हुई तहसील कुलपहाड़ पहुंची। रैली दौरान किसान बाइकों पर सवार होकर अपनी समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। रैली के बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां पर किसान नेताओं ने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर विचार रखे और इसके बादे मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कुलपहाड़ क्षेत्र की चकबंदी प्रक्रिया नियम विरुद्ध की गई, जिसमें तमाम खामियां हैं, जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग उठाई गई।ज्ञापन में बताया कि चकबंदी विभाग के अधिकारियों ने भू माफियाओं की मिली भगत से लगभग 2 हजार एकड़ सरकारी जमीन लूट ली है, जिसमें तालाब, बंजर, परती, नाली, नाला, पोखर सहित तमाम प्रकार की दोष पूर्ण चकबंदी होने का आरोप लगाया है। इसके अलावा इस प्रक्रिया में छोटे कर्मचारियों से लेकर बड़े अधिकारी भी शामिल है, जिसकी न्यायोचित जांच होना चाहिए। कहा कि नगर कुलपहाड़ सहित ग्रामीण क्षेत्र के किसानों की गंभीर समस्याएं हैं। किसानों की खसरा खतौनी जैसी कागजात नियम कानून को ताक पर रख कर किए गए हैं। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष बृजनंदन प्रजापति, तहसील महासचिव अनिल राजपूत, जिला प्रवक्ता गुलाब सिंह यादव, शिव नारायण अग्रवाल, दृग सिंह यादव, संगठन मंत्री अभिषेक सिंह राजपूत, जिला महासचिव रहे।



तहसीलदार को ज्ञापन सौपते यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### रिक्रूट आरक्षियों को मेला प्रबंधन के बारे में बताया

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरक्षियों का सम्मेलन किया गया। इसमें इनको मेला प्रबंधन के संबंध में बताया गया। एसपी ने निर्देश दिए कि वे कर्तव्यनिष्ठा का पालन करें। किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता पर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। आरक्षियों को सोशल मीडिया नीति का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आरटीसी शिवमूरत यादव व अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### पीस कमेटी की बैठक में शांति सौहार्द की अपील

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्याम प्रताप पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें चौकी प्रभारी सीतापुर यदुवीर सिंह, परिक्रमा मार्ग अरविंद सिंह मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी ने लोगों से त्यौहारों को शांतिपूर्वक, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के लिए अपील की। लोगों को शासन के दिशा निर्देशों के संबंध में बताया।

### गाय को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए ज्ञापन देंगे

**सीतापुर (चित्रकूट)।** गोसेवा सम्मान एवं गाय को राष्ट्रमाता घोषित करवाने का अभियान चलाया जाएगा। 27 अप्रैल को अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा। इस संबंध में रैन बसेरा में बैठक हुई। इसमें विश्व हिंदू महासंघ, गोरक्षा प्रकोष्ठ बांदा के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति, चित्रकूट के जिलाध्यक्ष धीरज त्रिपाठी, जिला प्रभारी पद्मेंद्र त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी महेंद्र शुक्ला, जिला महामंत्री धीरेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे। इसमें मांग की गई कि गोरक्षा के लिए कानून बने, देश में गोहत्या पूरी तरह से बंद हो।

### जिले में भाजपा के तीन मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने जिले के मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों की घोषणा की है। गनीवां मंडल में रमेश चंद्र रैकवार को अध्यक्ष और सुशील द्विवेदी को जिला प्रतिनिधि, बरगढ़ में निशेंद्र प्रताप सिंह और मनीष सिंह, मऊ में महेश चंद्र पांडेय और ओमप्रकाश मिश्रा को क्रमश: मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि बनाया है। ये निर्वाचन क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर प्रकाश पाल ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर किए हैं।

# मिठाई, खोवा और नमकीन के भरे नमूने

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** होली त्योहार के मद्देनजर आम जन मानस को शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य और पेय पदार्थ उपलब्ध कराने को लेकर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिलाधिकारी के निर्देश पर शहर की खोया, मिठाई व नमकीन आदि की दुकानों पर छापामार अभियान चलाया। टीम ने दुकानों से खाद्य समग्री के नमूनों को संग्रहित करने के बाद सैम्पुलों को टेस्टिंग के लिए भेजा। छापामार अभियान चलाए जाने से मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री करने वालों में हड़कंप मच गया है।

छापामार अभियान में तहसीलदार सदर, दिवाकर मिश्रा मौजूद के नेतृत्व में अभियान दल ने खोया मंडी स्थित छोटे पुरवार खोया भंडार, श्रीराम खोया भंडार से दो खोया नमूनों को भरकर टेस्टिंग के लिए भेज। इसके बाद टीम मेन बाजार की दुकानों में छापामारी करने के लिए पहुंची जहां पर सुदामा स्वीट्स से मोतीचूर लड्डू का नमूना लिया और फिर गांधीनगर से गुजराती नमकीन से नमकीन का नमूना जांच के लिए संग्रहीत किया गया। टीम ने दूध डेयरी व दुकानों से दूध के तीन सैम्पुल लिए और टेस्टिंग के लिए भेजा। टीम ने विक्रेताओ को यह चेतावनी दी कि मिलावटी सामान की बिक्री न की जाये, यदि मिलावटी सामान बेंचता पाया जाता है तो उन दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बताया कि छापामार अभियान आगामी पर्व तक जारी रहेगा।

## तबीयत बिगड़ने से रोलर चालक की मौत

**मऊ (चित्रकूट)।** रोलर चालक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव परिजनों को सौंपा।

घटना मऊ थाना क्षेत्र के शिवपुर रोड की बताई जा रही है, जहां पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बुंदेला नाला तक सड़क निर्माण कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान कौशांबी जिले के मूरतगंज निवासी समयलाल (50) के रूप में हुई है। साथ में काम कर रहे शिवनारायण पटेल ने बताया कि अचानक समयलाल को तेज दर्द उठा। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वे पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# शिकायत पर निलंबित हुए एसडीओ रामनगर

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नितीश कुमार ने उपखंड अधिकारी रामनगर अरविंद कुमार को निलंबित कर दिया है। उन पर उपभोक्ता को परेशान करने और उच्चाधिकारियों को भ्रामक सूचना देने के आरोप प्रथमदृष्टया सही पाए गए।

तहसील मऊ अंतर्गत बांधी निवासी बृजेश कुमार ने ऊर्जामंत्री की जनसुनवाई में शिकायती पत्र दिया था। इसकी जांच के लिए अधीक्षण अभियंता ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की थी। इसमें लेखाकार अतुल कुमार सिंह, उप खंड अधिकारी मानिकपुर आशीष सिंह और अधिशासी अभियंता उमाशंकर को शामिल किया गया था। जांच कमेटी का निष्कर्ष निकला कि धनराशि के बकाये पर उपभोक्ता का संयोजन काट दिया गया। लगभग 82 दिन बाद संशोधित बिल पर धनराशि का भुगतान करा लिया गया। पाया कि बिल संशोधन योग्य था तो बिना सही बिल दिए कनेक्शन कैसे काट दिया। बिल धनराशि जमा करने के बाद भी कनेक्शन जोड़ा नहीं गया। हालांकि आरोपी एसडीओ पर बिल से अधिक धनराशि लेने के आरोप में साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए जा सके। पाया गया कि उपखंड अधिकारी की ओर से उच्चाधिकारियों को भ्रामक सूचना दी। एसडीओ रामनगर अरविंद कुमार को उपभोक्ता का उत्पीड़न व अधिकारियों को भ्रामक सूचना देने का दोषी पाया गया। इस पर उनको मुख्य अभियंता वितरण बांदा की संस्तुति पर प्रबंध निदेशक नितीश कुमार ने निलंबित किया। निलंबन अवधि में अरविंद कार्यालय मुख्य अभियंता एटा से संबद्ध रहेंगे।

### मुझसे नहीं लिया गया स्पष्टीकरण: एसडीओ

- निलंबित एसडीओ अरविंद कुमार ने विभागीय कार्रवाई पर सवालिया निशान लगाए। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता की शिकायत पर उसी दिन 23 फरवरी को तीन सदस्यीय टीम बन गई और शिकायतकर्ता के पास तक पहुंच गई। जिस एसडीओ पर आरोप लगे, उसका पक्ष लेने की जरूरत नहीं समझी गई। उन्होंने कहा कि हैरानी इस बात की है टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट उसी दिन उच्चाधिकारियों को भेज दी, जिस पर स्पष्ट लिखा भी है कि एसडीओ रामनगर वित्तीय दोषी नहीं पाए गए। तो फिर निलंबित कैसे कर दिया गया। अरविंद कुमार ने साफ दावा किया कि उनसे किसी ने संपर्क नहीं किया और न स्पष्टीकरण लिया गया।

## बाइक से जा रहे तीन भाइयों में से एक की हादसे में मौत, दो घायल

**चित्रकूट।** बाइक पर ट्रिपलिंग कर रहे बाइकसवार तीन भाइयों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई। दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए ।

गड़ीवा गांव निवासी तीन भाई बुधवार दोपहर बाइक से गांव से कर्वी की ओर आ रहे थे। रास्ते में तेज गति से आ रही बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने महेंद्र शिवहरे पुत्र संतोष को मृत घोषित कर दिया। भाई विजेंद्र शिवहरे और ध्रुव की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम को भेजा। कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि बोलेरो की पहचान कर ली गई है।

# सूने घर से चोरों ने लाखों रुपये का माल किया पार

## कोलगदहिया के मजरे कछारपुरवा का मामला, शादी में गया था परिवार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मंगलवार देर रात चोरों ने कोतवाली अंतर्गत एक मोहल्ले से लाखों की नकदी और जेवरात पार कर दिए। वारदात के समय भुक्तभोगी परिवार शादी समारोह में गया था। लौटा तो घर का सारा सामान गायब था। कोतवाली में तहरीर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है।

चोरी की वारदात, कोलगदहिया के मजरे कछारपुरवा की है। यहां रहने वाले मूलचंद्र गप्ता पुत्र चंद्रिका प्रसाद ने बताया कि वह 24 फरवरी को सपरिवार शादी समारोह में गया था। वे लोग लगभग 12 बजे रात लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा पड़ा है। उसने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लॉक टूटा था और इसमें रखे गहने और दो लाख रुपये गायब थे। उसने कोतवाली में तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने की गुहार की है। कोतवाली प्रभारी श्यामप्रताप पटेल ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।


घटना की जानकारी देता भुक्तभोगी।

### सीसीटीवी फुटेज से मिल सकता है सुराग

- पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। फुटेज में कुछ लोग मुंह बांधे बिना नंबर की बाइक में आते जाते दिखे हैं। यही लोग घर के अंदर भी घुसते और निकलते नजर आ रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज से कुछ सुराग मिल सकता है। मूलचंद्र ने कुछ समय पहले ही यहां मकान बनवाया था।

### रेकी करके की गई चोरी

- जिस तरह से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया, उससे साफ है कि चोरी करने वालों ने पहले बाकायदा रेकी की। उन लोगों को यह पता था कि मूलचंद्र और उसका परिवार कब वापस लौटेगा। पता चला है कि चोरों का एक साथी घर के मोड़ पर बैठा था, जिससे वह बता सके कि मूलचंद्र कब लौटेगा। बताया तो यहां तक जाता है कि पीड़ित परिवार के लौटने के लगभग दस मिनट पहले ही वे लोग यहां से सारा सामान लेकर चंपत हो गए। चोरों ने सीधे आलमारी तोड़ी और कुछ ही घंटे में चोरी की।

### दुकान के दो लाख भी गए

- मूलचंद्र टीवी मैकेनिक है। उसकी डाकघर के पास दुकान है। बताते हैं कि दुकान का सामान लेने के लिए उसने बाजार से लगभग दो लाख रुपये उठाए थे। दिल्ली जाकर उसे इससे सामान लाना था। चोरों ने इनको भी पार कर दिया।

# तुलसीतीर्थ में भी उठे जल जीवन मिशन पर गंभीर सवाल

राजकुमार उपाध्याय, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के गांव-मजरों में भी जल जीवन मिशन, नमामि गंगे योजना के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की मंशा से पाइपलाइन और टंकियों का निर्माण कराया गया। दावे भी शुद्ध जल पहुंचाने के हुए लेकिन तमाम गांवों में जमीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन में जगह-जगह लीकेज है और इससे जलापूर्ति प्रभावित है।

**स्कूलों में कनेक्शन, लेकिन पानी नहीं :** ग्रामीणों के अनुसार, बरद्वारा गांव के शैक्षणिक संस्थानों में भी स्थिति काफी चिंताजनक है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय में कनेक्शन उपलब्ध है, पर जलापूर्ति ठप है। गांव के सात स्कूलों और आठ आंगनबाड़ी केंद्रों में नल कनेक्शन देने का दावा किया गया है लेकिन अधिकांश स्थानों पर पानी नहीं पहुंच रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि आंकड़े सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर अधिकांश घरों में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई है, फिर भी गांव को संतृप्त घोषित कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने पर वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों और समाजसेवियों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अधूरी जलापूर्ति योजना को शीघ्र चालू कराने, खराब हैंडपंपों की मरम्मत और जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग की है कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल और बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके।


इस तरह बिना प्लेटफार्म जैसे-तैसे खड़े कर दिए नल। अमृत विचार


गांव में लगे बिना टोंटी के पाइप की हालत।

### सिर्फ कागजों में पूरा किया काम : बालकृष्ण

- गांव के समाजसेवी बालकृष्ण विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जमीनी स्तर पर बेअसर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि गांव की सड़कें खोद दी गईं लेकिन आज तक उनको फिर नहीं बनाया गया। न तो पाइपलाइन सही हालत में है और न जलापूर्ति हो रही है। विभाग ने सिर्फ कागजों में काम पूरा दिखा दिया है।



### लोग आज भी हैंडपंपों पर हैं निर्भर : कुलदीप

- समाजसेवी कुलदीप सिंह ने कहा कि गांव में न तो टोंटियां पूरी तरह लगाई गई हैं और न नियमित जलापूर्ति शुरू हुई है। उन्होंने रोष जताया कि सिर्फ पाइपलाइन बिछाकर गांव को जलापूर्ति से संतृप्त घोषित कर देना सरासर गलत है। ग्रामीण आज भी हैंडपंपों पर निर्भर हैं, जिनमें से आधे खराब पड़े हैं।



### कागजों में 838 नल कनेक्शन का दावा

- करीब 5915 की आबादी वाले बरद्वारा गांव में कुल 838 नल कनेक्शन दिए जाने का दावा किया गया है। गांव के 10 मजरों में 'हर घर जल' योजना के तहत कनेक्शन दर्शाए गए हैं। इसके मुताबिक, बरद्वारा में 660, भैरव यादव का डेरा में 21, भुनडा यादव का पुरवा में 68, बोधी का डेरा में सात, गजाधर का डेरा में 68, गुलाब साहू का डेरा में सात, कुम्हार का पुरवा में सात, नन्ही केवट का पुरवा में 35, राजकिशोर यादव का पुरवा में 20, शिवराज का पुरवा में 67 कनेक्शन हैं।

### एक्सईएन ने नहीं की काल रिसीव

- अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष कुमार भारती को जब उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया तो उन्होंने काल रिसीव नहीं की। वहीं एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल यादव ने एक मीटिंग का हवाला देते हुए बाद में बात करने की बात कहकर फोन काट दिया।

### कार्यदायी संस्था के कामों पर सवाल

- जानकारी के मुताबिक, जलापूर्ति का टेंडर एल एंड टी कंपनी को मिला हुआ है। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 95,975 .00 लाख रुपये बताई गई है। इसको 2020-2021 को मंजूरी मिली। 2025 में इसे पूरा होना था।

# कांग्रेसियों ने शंकराचार्य पर एफआईआर की निंदा की

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट की अगुवाई में बुधवार को कांग्रेसियों ने प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। कांग्रेसियों ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों पर दर्ज एफआईआर की निंदा की और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। कांग्रेसियों का कहना था कि एफआईआर दर्ज कराने वाले की पृष्ठभूमि भी देखी जाए। रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि सरकार सनातन धर्म का ढिंढोरा पीटती है पर प्रदेश सरकार द्वारा जिस तरह से शंकराचार्य एवं उनके शिष्यों का अपमान किया जा रहा है, कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है। शंकराचार्य लगातार सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर रहे हैं इसलिए उनको परेशान किया जा रहा है। इस मौके पर अवधेश करवरिया, शिवगुलाम वर्मा, चुनबाद प्रसाद प्रजापति, विजयमणि त्रिपाठी, सविता पाल, अतुल तिवारी, कामता प्रसाद विश्वकर्मा, राबेंद्र सिंह पटेल, राजेश सिंह, विनीत मिश्रा, ओम प्रकाश गुप्ता, सलमान सिद्दीकी आदि रहे।

## संस्था ने किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

**चित्रकूट।** संस्था आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय ने वरिष्ठ चिंतक, समाज सुधारक, लेखक और ओजस्वी वक्ता स्मृतिशेष बलदेव प्रसाद अग्रवाल के जन्मदिन पर 75 वर्ष की अवस्था पार कर चुके 21 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। समारोह में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारी विरासत हैं, हमारी थाती हैं। अग्रणी बैंक प्रबंधक अनुराग शर्मा ने भी वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने इस बात पर चिंता जताई कि बुजुर्ग वृद्धावस्था आश्रमों में शरण लेने के लिए अभिशप्त हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की थमीं सांसें

**मऊ (चित्रकूट) ।** सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, कस्बा निवासी रामभजन (55) पुत्र सुखराम बुधवार की सुबह शौच के लिए जा रहे थे कि किसी वाहन ने टक्कर मार दी। रामभजन की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत भाग निकला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में अधेड़ का सिर बुरी तरह कुचल गया था। रामभजन के परिवार में पत्नी गिरजा और तीन बेटे हैं। मऊ थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस तलाश में जुटी है। वहीं, उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन ने मृतक के परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।


रामभजन।

# शिक्षक-अभिभावक विद्यालय को अपना मानें

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मेरा गांव मेरा विद्यालय अभियान के अंतर्गत बुधवार को पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कछारपुरवा में बच्चों एवं अभिभावकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक और अभिभावक विद्यालय को अपना मानकर पठनपाठन करें और सहयोग दें, तभी बच्चों का विकास संभव है।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय और गांव के बीच समन्वय स्थापित कर शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना रहा। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. प्रभाकर सिंह ने कहा कि हमें इसे सहेजकर रखना है कि आने वाली पीढ़ियां भी यहां पढ़ सकें और विद्यालय निरंतर सुंदर एवं व्यवस्थित रूप से चलता रहे। किसी भी सामग्री को यह सोचकर नुकसान न पहुंचाएं कि यह सरकारी है। समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव ने कहा कि गांव का विद्यालय ही गांव के विकास की आधारशिला है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और विद्यालय की गतिविधियों में सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम संयोजक विद्यासागर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से विद्यालय को आदर्श बनाना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे। इस मौके पर सुशील पांडेय, दीपा देवी, रंजन चंदेल, सोनू गौतम, गीतांजलि सिंह, प्रियंका द्विवेदी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे, शिक्षक, अभिभावक और समाजसेवी। अमृत विचार

- कछारपुरवा में मेरा गांव, मेरा विद्यालय के तहत कार्यक्रम

**आयोजन** | राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

# नानाजी ने राष्ट्र और गांव के लिए किया जीवन समर्पित


उद्घाटन सत्र में आए अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भारतरत्न नानाजी देशमुख की 16 वीं पुण्यतिथि पर बुधवार से कार्यक्रम शुरू हो गए। सामूहिक उद्घाटन विवेकानंद सभागार में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के वर्चुअल उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि नानाजी ने राष्ट्र और गांव के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

दीनदयाल शोध संस्थान के सीईओ अमिताभ वशिष्ठ ने तीन दिन के कार्यक्रमों की जानकारी दी। डा. राजेंद्र सिंह नेगी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक चौबे ने चिंता जताई कि बड़े शहरों में शिक्षा तो मिल सकती है लेकिन अध्यात्म और संस्कार का अभाव है। राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के आगमन के बाद चित्रकूट वह स्थान बन गया है जहां आध्यात्म, संस्कार और शिक्षा तीनों मिलते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि नानाजी के प्रत्येक कार्य आज समाज को दिशा दे रहे हैं। इस दौरान उप्र और मप्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारियों के साथ महंत वरुण प्रपन्नाचार्य, डा. रामनारायण त्रिपाठी, महंत रामलखन दास, प्रो. शिशिर पांडेय आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने सभी का आभार जताया।

### ग्रामीण रोजगार की भूमिका पर संगोष्ठी

- नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि पर विवेकानंद सभागार में महिलाओं की आत्मनिर्भरता में ग्रामीण रोजगार की भूमिका विषय पर संगोष्ठी की गई। अनिल कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं की आजीविका, अधिकारों को सुरक्षित करना ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य है। डा. सुरेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और उनको अतिरिक्त आय कैसे अर्जित हो, इसके लिए हमें प्रयास करने होंगे। इस मौके पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अनुराग शर्मा, कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक अरुणेंद्र शुक्ल, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केशरवानी रहे।


नानाजी को श्रद्धांजलि देते लोग। अमृत विचार

## कार्यालय ग्राम पंचायत इछौरा वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

पत्राक: मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025-26 दिनांक: 25/02 /2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें **दिनांक 05.03.2026** तक **कार्यालय ग्राम पंचायत इछौरा वि0ख0 सरीला** में आमत्रित की जाती है। जो **दिनांक 26.02.2026** से **दिनांक 05.03.2026** तक बेची जाएगी तथा **दिनांक 05.03.2026** को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक 05.03.2026** को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत इछौरा वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य + टी.टी | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | सी.सी. रोड निमार्ण माता मन्दिर से देवेन्द्र के बाड़े तक | 486018.00 | 9720.00 | 250+45 | 3 माह | ईछौरा |
| 2 | मनरेगा | सी.सी. रोड निमार्ण राजकिशौर के बाड़े से बाघराज की दुकान तक | 496018.00 | 9920.00 | 250+45 | 3 माह | ईछौरा |

**अन्य शर्ते–**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत**
**ग्राम पंचायत – इछौरा , वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)**

